दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 351 | जयपुर | शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## महाराष्ट्र में कांग्रेस की पहली लिस्ट, 48 नाम : नागपुर दक्षिण पश्चिम से देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ प्रफुल गुडधे को उतारा; नाना पटोले को साकोली से टिकट



मुंबई। बढ़ता राजस्थान

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार रात 48 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। पार्टी ने नागपुर दक्षिण पश्चिम से डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ प्रफुल गुडधे को उतारा है।

कांग्रेस के महाराष्ट्र अध्यक्ष नाना पटोले को साकोली सीट से टिकट दिया गया है। पृथ्वीराज चव्हाण को कराड साउथ सीट से उम्मीदवार हैं। अमरावती से सुनील देशमुख को उतारा गया है। कांग्रेस की पहली लिस्ट में 5 एसटी, 3 एससी उम्मीदवार हैं।

एनसीपी शरद, कांग्रेस-शिवसेना उद्धव के साथ महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा हैं। एमवीए की इन बड़ी पार्टियों ने अबतक 158 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। इसमें शिवसेना उद्धव के 65 नाम और एनसीपी शरद के 45 नाम शामिल हैं।

23 अक्टूबर को ही तीनों पार्टियों ने 85-85-85 सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी। 18 सीटें इंडिया ब्लॉक की अन्य पार्टियों जिनमें समाजवादी पार्टी, एसडब्ल्यूपी और सीपीआई (एम) समेत दूसरे दलों को देने की बात कही गई थी। 15 सीटों पर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। राज्य में सिंगल फेज में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को रिजल्ट आएंगे।

### कांग्रेस की पहली लिस्ट, 48 नाम

एनसीपी शरद की पहली लिस्ट, 45 नाम शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें 45 नाम हैं। पार्टी ने बारामती से युगेंद्र पवार को टिकट दिया है। वे चाचा अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अनिल देखमुख को कटोल, जितेंद्र आव्हाड को मुंब्रा कलवा और जयंत पाटील को इस्लामपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है।




## युवाओं के आंसू लाने वालों को छोड़ेंगे नहीं : सीएम शर्मा

### हम कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करते; रोत ने कहा-सलूंबर में सहानूभुति कार्ड नहीं चलेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अलवर की रामगढ़ सीट से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी जय आहूजा ने भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह को चुनाव जिताने की अपील की। आहूजा ने कहा- हमारी बात और मूंछों की लाज रख लेना। उन्होंने मंच पर मौजूद सुखवंत सिंह को बुलाया और हाथ पकड़ कर कहा- मेरा बड़ा भाई चुनाव लड़ रहा है। ऐसा मत सोचना सुखवंत सिंह चुनाव लड़ रहा है। एक बार हम दोनों भाइयों को देख लो। एक साथ काम करेंगे, एक साथ मिलजुल कर काम करेंगे। उन्होंने कहा- हम एक साथ टटलूबाजों को ठिकाने लगाएंगे। एक साथ गो हत्या और गो तस्करी रोकेंगे। एक साथ रामगढ़ का विकास करेंगे। आहूजा ने कहा- बात का सवाल है। हम अपनी मूंछे ऊपर रखी जाने के लिए जाने जाते हैं। चाहे आहूजा साहब हो या जय आहूजा हो। हमारी बात और मूंछों की लाज रख लेना। उधर, 7 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए गुरुवार को भाजपा, कांग्रेस के साथ अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। भाजपा के 4, कांग्रेस के 2, भारत आदिवासी पार्टी के 1 उम्मीदवार के साथ ही पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा और उनकी पत्नी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया।

### कांग्रेस के सीएम कहते थे घोटाले किए जाओ, चिंता मत करो

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने झुंझुनूं में जनसभा में कहा- आपने कई सरकार देखी हैं। पहले की कांग्रेस सरकार ने किस तरह के भ्रष्टाचार किए। महाराष्ट्र में कांग्रेस के सीएम कहते थे घोटाले किए जाओ, चिंता मत करो। ये जनता तो घोटालों को भूल जाती है। जब चुनाव आ जाएंगे तो जनता के सामने पगड़ी रख देना ये आपको आशीर्वाद दे देती है। आपके यहां भी एक लाल डायरी थी। पिछले साल एक लाल डायरी ने पिछली सरकार के घोटाले सामने रखे थे। मदन राठौड़ ने दौसा में कहा- हम सभी सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। कॉम्पिटिशन बढ़ाना है तो इनमें बढ़ाओ कौन ज्यादा सेवा करे। जो सेवा नहीं करे उसका कान मरोड़ना आपको आना चाहिए।

### भाजपा वापसी करेगी और आगे कभी चुनाव नहीं हारेगी

आहूजा ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा- सामने वालों के यहां मातम मनना शुरू हो गया है। रामगढ़ में भाजपा इस तरह की वापसी करेगी कि कभी आगे भी चुनाव नहीं हारेगी।

### कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करते : शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं में चुनावी सभा में यमुना जल समझौते को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। सीएम ने कहा- 50 साल के बाद यमुना जल समझौता का एमओयू किया तो भाजपा सरकार ने। मैंने पहले भी कहा था कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करते। आलू से सोना पैदा कर देंगे...ऐसा झूठा वादा तो नहीं करते, लेकिन यदि शेखावाटी की धरती को पानी मिलता है तो ये धरती सोना उगलेगी।

### रामगढ़ में भगवा तू ही लहराएगा : आहूजा

जय आहूजा ने कहा- 19 अक्टूबर की रात को घोषणा हुई। 20 अक्टूबर को फेसबुक पोस्ट डाली, जिसके बाद बहुत से लोग मेरे घर आ गए। भूपेंद्र जी, मदन राठौड़ और भजनलाल जी। दो ने मेरे कान पकड़े और भजनलाल जी ने मेरी चोटी पकड़ते हुए कहा- छोरे चुनाव तो तू ही लड़ रहा है और तू ही जीताएगा।

## जस्टिस संजीव खन्ना सीजेआई बने, 11 नवंबर को शपथ

### 6 महीने रहेगा कार्यकाल; अनुच्छेद 370 हटाने को सही बताया था



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। वे 11 नवंबर को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। यह जानकारी गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से जस्टिस खन्ना के नाम की सिफारिश की थी। सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस संजीव खन्ना का नाम है। इसलिए जस्टिस खन्ना का नाम आगे बढ़ाया था। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट में 14 साल तक जज रहे

जस्टिस संजीव खन्ना का जन्म 14 मई 1960 को हुआ था। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की पढ़ाई की। ग्रेजुएशन के बाद, उन्होंने 1983 में दिल्ली बार काउंसिल में एक वकील के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया। सुप्रीम कोर्ट जज बनाए जाने से पहले वे दिल्ली हाईकोर्ट में 14 साल तक जज रहे। उन्हें 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट जज बनने पर भी हुआ था विवाद

32 जजों की अनदेखी करके जस्टिस खन्ना को सुप्रीम कोर्ट जज बनाने पर जमकर विवाद हुआ था। 10 जनवरी 2019 को कॉलेजियम ने उनकी जगह जस्टिस माहेश्वरी और वरिष्ठता में 33वें स्थान पर जस्टिस खन्ना को प्रमोट करने का फैसला किया। इसके बाद सिफारिश पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दस्तखत कर दिए थे।

### वरीयता को अनदेखा करते हुए सीजेआई बनाने के दो मामले, दोनों इंदिरा सरकार के

अप्रैल 1973 में सुप्रीम कोर्ट के तीन सीनियर जजों को दरकिनार करते हुए एएन रे को सीजेआई बनाया गया था।1977 में जब जस्टिस रे रिटायर हुए तो जस्टिस एचआर खन्ना सबसे सीनियर थे। लेकिन, उनकी जगह जस्टिस एमएच बेग को चुना गया। इमरजेंसी के दौरान जस्टिस खन्ना ने इंदिरा सरकार के खिलाफ फैसले सुनाए थे, जस्टिस संजीव खन्ना उन्हीं के भतीजे हैं।

## शरद पवार की पार्टी ने जारी की 45 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

### अजित पवार के खिलाफ भतीजे को टिकट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शरद पवार की पार्टी एनसीपी ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 45 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें मुंब्रा से जितेंद्र अहवाद और कटोल से अनिल देशमुख को मैदान में उतारा गया है।

इस बीच, राखी जाधव को घाटकोपर पूर्व से, जयंत पाटिल को इस्लामपुर से और शशिकांत पाटिल को कोरेगांव से मैदान में उतारा गया है।

इसके साथ ही बड़ी बात ये है कि शरद पवार ने बारामती विधानसभा सीट पर अजित पवार के खिलाफ युगेंद्र पवार को उतारा है। युगेंद्र पवार अजित पवार के भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं।

## इमरान की पत्नी बुशरा 9 महीने बाद जेल से रिहा : इस्लामाबाद कोर्ट ने जमानत को मंजूरी दी, इमरान अभी भी जेल में रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना से जुड़े मामले में जमानत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बुशरा को 10 लाख रूपए की जमानत पर रिहा किया है। बुशरा पिछले 9 महीनों से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद थी। यहां से उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रिहा किया गया। बुशरा रिहाई के बाद बुशरा बानी गाला में मौजूद पर अपने घर के लिए रवाना हुई। यहां वो पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगी। उनकी रिहाई की जानकारी पीटीआई ने एक्स पर पोस्ट कर दी।



इससे पहले इमरान खान और बुशरा, 13 जुलाई को इद्दत यानी फर्जी निकाह केस में बरी कर दिया था। हालांकि इसके कुछ घंटे बाद ही दोनों को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो ने उन्हें जेल में ही गिरफ्तार कर लिया था। इमरान खान अभी भी इसी जेल में बंद हैं।

## पुणे में पानी की टंकी गिरी, 5 मजदूरों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार सुबह मजदूरों के कैंप बनी टेम्परेरी पानी की टंकी गिर गई। इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। 7 घायलों में से 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना पिंपरी चिंचवाड़ टाउनशिप के भोसरी इलाके में हुई, जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पुलिस का कहना है कि शायद पानी के दबाव के कारण पानी की टंकी की दीवार फट गई, जिससे टंकी गिर गई। इससे वहां मौजूद मजदूर मलबे में फंस गए। जमीन से 12 फीट ऊपर थी पानी की टंकी रिपोर्ट्स के मुताबिक पानी की टंकी नई बनाई गई थी। यह जमीन से 12 फीट ऊपर थी। सुबह मजदूर काम पर जाने से पहले नहाने के लिए टंकी के पास लगे नल पर आए। तभी अचानक टैंक फट गया और नहाने आए मजदूर उसके नीचे फंस गए। मजूदरों के इस कैंप में बिहार, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के करीब 1000 से 1200 मजदूर रह रहे हैं।

## कार नाले में गिरी मां-बेटी सहित 5 की मौत

### सिरोही में ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर टायर फटने से हादसा; एक महिला गंभीर



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** कार के हाईवे से नाले में गिरने के कारण उसमें सवार मां-बेटी सहित 5 लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर गुरुवार सुबह करीब 7.15 बजे टायर फटने के कारण हुआ। कार सवार दाहोद (गुजरात) से फलोदी (राजस्थान) आ रहे थे।

डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि कोतवाली थाना इलाके में ब्यावर-पिंडवाड़ा एनची-62 पर थानेश्वरजी पुलिया के पास कार का टायर फट गया। स्विफ्ट कार डिवाइडर को तोड़ती हुई हाईवे से नीचे नाले में गिर गई। कोतवाली सीआई कैलाश दान बारहट ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया। घायल महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर सिरोही हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे जोधपुर ले गए। हादसे की सूचना पर सिरोही कलेक्टर अल्पा चौधरी, एसपी अनिल कुमार और डीएसपी मुकेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे।

### हादसे में इनकी हुई मौत

प्रताप (53) पुत्र कांती लाल भाटी, रामूराम (50) पुत्र प्रेमाराम भाटी, उषा (50) पत्नी प्रताप भाटी, पुष्पा (25) पत्नी जगदीश भाटी और आशु (11 महीने) पुत्र जगदीश भाटी की मौत हो गई। वहीं, शारदा (48) पत्नी रामूराम भाटी घायल हो गईं। परिवार गुजरात का रहने वाला था। आशु, पुष्पा की बेटी थी। इस हादसे में दोनों की जान चली गई है। सभी मूल रूप से खारा, फलोदी (राजस्थान) के रहने वाले थे। पिछले 40 साल यह परिवार गुजरात के दाहोद, लीमखेड़ा (रामदेव मंदिर के पास) में रह रहा था।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी के ठिकानों पर एसीबी ने मारी रेड

## एसीबी ने उदयपुर, भीलवाड़ा स्थित चार ठिकानों पर मारे छापे

जयपुर।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विभिन्न टीमों द्वारा उदयपुर, भीलवाड़ा में गुरूवार अलसुबह कार्यवाही करते हुए संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी उदयपुर (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग) जयमल सिंह राठौड़ के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आरोपी के चार विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र सूचना प्राप्त हुई थी कि संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी उदयपुर जयमल सिंह राठौड़ द्वारा भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से अपनी वैध आय से आनुपातिक रूप से अधिक चल-अचल सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है। जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है। उक्त सूत्र-सूचना का एसीबी की इन्टेजिलेन्स शाखा द्वारा गोपनीय रूप से सत्यापन किया गया एवं तथ्यों की पुष्टि होने पर आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला बनना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। जिस पर एसीबी की विभिन्न टीमों ने एक साथ गुरूवार अलसुबह आरोपी के उदयपुर, भीलवाड़ा स्थित 4 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई। जहां आरोपित जयमल सिंह राठौड़ एवं उसके परिजनों के नाम पर सरदारपुरा योजना उदयपुर में एक मकान, सज्जनगढ़ रोड पर एक आलीशान होटल, मचीन्द, खमनोर में पांच आवासीय भूखंड, मदार बड़गांव में एक आवासीय भूखंड, सीसरमा में लगभग सवा दो बीघा कृषि भूमि, चार चौपहिया महंगे लग्जरी वाहन (किया सेल्टोस, महिंद्रा एक्सयूवी 300, मारुति इग्निस व मारुति एस-क्रॉस) सरदारपुरा उदयपुर में स्वयं के निवास स्थान से लगभग डेढ़ किलोग्राम सोने के आभूषण व 13.70 किलोग्राम चांदी के आभूषण एवं लगभग 3 लाख रुपये की नगदी मिले हैं।




आरोपी की पत्नी अनुराधा एवं पुत्र हनुतसिंह के नाम पर 7062.50 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बना चार मंजिला एवं 26 कमरों वाला लग्जरी होटल मानविलास रिसॉर्ट है इसमें एक रूफटॉप रेस्टोरेंट भी संचालित है। उक्त होटल में आरोपित द्वारा करोड़ों रुपए का निवेश करना पाया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपित एवं उसके परिजनों के विभिन्न बैंक खातों तथा बीमा पॉलिसियों में निवेश की जानकारी प्राप्त हुई है। आरोपी एवं उसकी पत्नी के नाम पर एक संयुक्त बैंक लॉकर भी मिला है, जिसकी तलाशी ली जानी शेष है। आरोपी के निवास स्थान की तलाशी के दौरान लगभग 100 से अधिक महंगी शराब की बोतलें मिली हैं,साथ ही अनेक वन्यजीवों के नाखून एवं सींग भी मिले हैं, जिनके संबंध में पृथक से संबंधित पुलिस थाने को सूचित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी जयमल सिंह राठौड़ द्वारा अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपये की खरीद कीमत की अनेक चल-अचल परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त आरोपी एवं उसके परिजनों द्वारा कई बेनामी परिसंपत्तियों में निवेश के साक्ष्य मिले हैं।

# ह्यूमन राइट्स पर पुलिस ऑफिसर्स का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आज से आरपीए में

## एनएचआरसी और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में होगा दो दिवसीय आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में ह्यूमन राइट्स से जुड़े विषयों पर पुलिस ऑफिसर्स का दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुक्रवार से राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में आरम्भ होगा। प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के लिए इस विशेष क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में शुक्रवार और शनिवार को अलग-अलग सत्रों में मानवाधिकारों से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर विषय विशेषज्ञ अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इस प्रोग्राम में राजस्थान पुलिस के आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के 40 पुलिस अधिकारी भाग लेंगे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने बताया कि इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र शुक्रवार को प्रात: 9.30 बजे से आरम्भ होगा। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सेक्रेटरी जनरल भरत लाल मुख्य अतिथि होंगे। पुलिस महानिदेशक राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू भी उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करेंगे। एडीजी अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन पांच विशेष सत्रों का आयोजन होगा। पहले सत्र में नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के सेक्रेटरी जनरल भरत लाल मानवाधिकारों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। दूसरे सत्र में एनएचआरसी में डीजी (इन्वेस्टीगेशन) अजय भटनागर, पीएचआर एक्ट 1993, एनएचआरसी और रोल ऑफ इन्वेस्टिगेशन डिवीजन इन एड्रेसिंग ह्यूमन राइट्स वॉयलेशन तथा तीसरे सत्र में एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, पुलिसिंग और सुप्रीम कोर्ट के कैसेज के बारे में ह्यूमन राइट्स कमीशन की गाइडलाइंस पर व्याख्यान देंगे। लंच के बाद चौथे सत्र में एनएचआरसी के पूर्व सदस्य राजीव जैन, मानवाधिकार एवं न्यायशास्त्र (ज्यूरिस्प्रूडेंस) तथा पांचवे सत्र में राज्य मानवाधिकार आयोग, राजस्थान के सदस्य अशोक गुप्ता राजस्थान के संदर्भ में मानवाधिकारों के परिदृश्य के बारे में व्याख्यान देंगे।

कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को तीन सत्रों के बाद समापन एवं वेलिडिक्ट्री सत्र का आयोजन होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (डीजीपी) श्री उत्कल रंजन साहू होंगे। इस सत्र में एनएचआरसी में डीजी (इन्वेस्टीगेशन) अजय भटनागर भी मौजूद रहेंगे।

इससे पहले दूसरे दिन के प्रथम सेशन में एनएचआरसी में डीजी (इन्वेस्टीगेशन) अजय भटनागर, ह्यूमन राइट्स एंड एथिकल डिलेमा इन पुलिसिंग, एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, आयोग में राजस्थान के प्रकरण तथा एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल, ह्यूमन राइट्स ऑफ वूमन विद स्पेशल एम्फेसिस ऑन डोमेस्टिक वायलेंस पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।

# जयपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा श्रीराम की नांगल अशोक नगर में बने घरों में दिवाली के दीये बुझाए जा रहे है

## टोंक रोड से लगी हुई 15 साल से बसी हुई 11 कॉलोनी के बीच में जेडीए द्वारा 5000 घरों के बीच सेक्टर रोड की मार्किंग कर दिया गया है, जिस से कॉलोनी वाले काफ़ी परेशान है, ये कॉलोनी के 15000 महिला, पुरुष, बच्चे निम्न परिवार, मध्यम परिवार के लोग निवास कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** आज पूरी कॉलोनी में शुभ दिवाली के त्योहार पर मोत का मातम छाया हुआ है । बामनवास विधायक इंदिरा मीणा ने पीड़ित कॉलोनी वासियो से मुलाक़ात कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। अशोक नगर विकास समिति के संतोष कुमार स्वामी व मोहित टेलर ने कॉलोनी कि महिलाओ के साथ बामनवास विधायक इंदिरा मीणा ज्ञापन कर बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जगन्नाथपूरा डिग्गी रोड से टोंक रोड तक प्रस्तावित सेक्टर के विरोध मे अशोक नगर विकास समिति के नेतृत्व मे पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सांगानेर जयपुर को भी ज्ञापन दे कर सेक्टर रोड निरस्त करने कि मांग की है,मगर कोई सुनवाई नहीं हुई है । वर्तमान समय में इस सेक्टर रोड की अब कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उक्त सेक्टर रोड का प्रस्ताव रिंग रोड बनने से पहले लाया गया था, अब ज़ब रिंग रोड निकल चुकी है तो इस सेक्टर रोड बनाने का कोई मतलब नहीं रह जाता, वैसे भी टोक रोड से डिग्गी रोड की कनेक्टिविटी के लिए वाटिका होते हुए बालावाला के लिए रोड बना हुआ है।

इसी प्रकार ज़ब जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यह सेक्टर रोड प्रस्तावित था तो विभिन्न गृह निर्माण समितियों द्वारा सेक्टर रोड मे कॉलोनी काटने से रोकना चाहिए था साथ ही सेक्टर रोड मे आ रही कॉलोनियों का रजिस्ट्रेशन उप पंजीयक महोदय को नहीं करने चाहिए थे ना ही विधुत विभाग को बिजली कनेक्शन ,आधार कार्ड , पेन कार्ड , नल कनेक्शन आदि नहीं देने चाहिए थे ।जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी हठ धार्मिता दिखाते हुए बिना मकान मालिकों को सूचना दिए डीमार्केशन करना प्रारम्भ कर दिया है ज़ब से डीमार्केशन हुआ सभी रातों की नींद दिन का चेन चला गया है।



इस सेक्टर रोड की जद मे 5000 मकान आ रहे है, यदी इस सेक्टर रोड को निरस्त नहीं किया तो मजबूरन सभी 5000 मकानों के परिवार को आंदोलन की कार्यवाही करनी पड़ेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी। ज्ञापन देने वालो में सोनू प्रजापत, अनुज कुमार गौत्तम, मुकेश कुमावत, सिकंदर सैनी,महेन्द्र मेरेठा,मोहित टेलर ,विष्णु सोनी ,केला देवी सहित अन्य महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

# राजस्थान में एक चिकित्सक जिसने यूनानी चिकित्सा को आधुनिकतम मुकाम दिया : तनुजा पठान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के बांगड़ परिसर में संचालित राजकीय यूनानी औषधालय में डॉ. लियाकत अली मंसूरी कार्यरत है। ये चिकित्सक हर्बल यूनानी चिकित्सा द्वारा ऐसी बीमारियों का ईलाज कर रहे हैं जिनका बरसों से ईलाज नहीं हो पा रहा था या वे मरीज़ जो दवाओं के आदी हो चुके थे या ऐसी बीमारियां जिनका ईलाज कहीं भी नहीं हो रहा था। इनके द्वारा ब्रेन और न्यूरोलॉजिकल बीमारियां , प्रारंभिक सेरेब्रल एट्रोफी , डायबिटीज, थैलीसीमिया और प्रारम्भिक स्किन कैंसर, लिवर से संबंधित बीमारियां आदि का हर्बल यूनानी चिकित्सा द्वारा ईलाज किया जा रहा हैं। इस हर्बल यूनानी चिकित्सा के कोई साईड इफेक्ट भी नहीं है और इस चिकित्सा के आदी भी नहीं होते हैं और कुछ महीनों बाद मरीज़ को इन दवाओं से मुक्त भी कर दिया जाता हैं। इनके पास राजस्थान से जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर,झुंझनू, सवाई माधोपुर, टोंक, कोटा, बूंदी, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ , भीलवाड़ा, बारां से मरीज़ ईलाज कराने आ रहे हैं। इनके पास राजस्थान से ही नहीं बल्कि भारत के हर कोने से मरीज़ यहां आ कर हर्बल यूनानी चिकित्सा करा रहें हैं । सभी मरीजों को इस चिकित्सा द्वारा आराम हो रहा है ।



# गोपाष्टमी पर्व राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया जाये - डॉ. अतुल गुप्ता

## गौ माता को गोपाष्टमी पर्व पर राष्ट्रमाता के रूप में मान्यता मिले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय डॉ0 अतुल गुप्ता ने एक ही दिन में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी , गौ पालन मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से सदभावना भेंट कर सनातन धर्म के प्रोत्साहन हेतु कृष्ण कालीन गोपाष्टमी पर्व को राजस्थान राजकीय पर्व के रूप में मनाये जाने हेतु अपनी माँग उठाई और कहा कि महाराष्ट्र की तर्ज़ पर राजस्थान राज्य में गोपाष्टमी के अवसर पर गौमाता को राष्ट्रमाता के रूप में मान्यता मिले।





# शराब पीने को लेकर टोका तो युवकों ने गार्ड को पीटा, पत्थर से सिर फोड़ा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर( का .स .)। चित्रकूट थाना इलाके में एक गार्ड को बाजार की सीढ़ियों में बैठकर शराब पीने पर युवकों को टोकना भारी पड़ गया। युवकों ने गार्ड के साथ जमकर मारपीट की और पत्थर से उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस के अनुसार निर्माण नगर निवासी दिनेश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाबा मार्केट में गार्ड के पद कार्यरत है। 18 अक्टूबर की रात को बाइक सवार कुछ बदमाश मार्केट की सीढ़ियों में बैठकर शराब पी रहे थे। इस पर गार्ड ने उन्हें टोका। युवक वहां से चले गए। इसके बाद वह राउंड कर रहा था। रात करीब साढ़े बारह बजे दो बाइक्स पर पांच लोग आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने उसका पत्थर से सिर फोड़ दिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर अन्य गार्ड वहां पर आ गए। यह देखकर बदमाश वहां से भाग निकले। घायल गार्ड को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक सवार दो बदमाश छीन ले गए महिला से आईफोन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर( का .स .)। अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के हाथ पर झपट्टा मार कर आईफोन छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार आदिनाथ नगर सी स्कीम निवासी आस्था जैन ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रही थी। मालवीय मार्ग सी स्कीम में पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर आईफोन छीनकर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से ठगे साढ़े 6 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से साढ़े 6 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने इस सम्बंध में एक दम्पति के खिलाफ सोड़ाला थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जनता नगर रांकड़ी निवासी अनिल भगासरा ने मामला दर्ज करवाया कि वह बेरोजगार है और रोजगार की तलाश कर रहा है। इसके लिए वह विडियो देख रहा था।

# दुपहिया और चौपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया और चौपहिया वाहन चुराने वाले चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से अठारह बाइक और एक चौपहिया वाहन कार बरामद की है। इनमें से एक वाहन चोर खिलाफ 37 वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक बाइक मिस्त्री भी है जो चोरी की बाइक के पार्ट्स बदलने का काम करता था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया और चौपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर विश्राम उर्फ राजकुमार मीणा(32) निवासी दौसा हाल आगरा रोड जयपुर, चेतराम मीणा (29) निवासी दौसा हाल खोह नागोरियान जयपुर, शैलेश मीना (21) निवासी करौली हाल खोह नागोरियान और बाइक मिस्त्री मोहन बैरवा(21) निवासी जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुख्यात वाहन चोर विश्राम अपने कुछ साथियों के साथ कानोता रोड पर एक चोरी की कार बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार बिना नम्बर की कार में चार संदिग्ध बैठे हुए दिखाई दिए। चारों को पुलिस जाप्ते ने पकड़ लिया। चारों बदमाशों के पास मिली कार के कागजात दिखाने के लिए कहा गया तो कोई कागजात नहीं मिले। गहनता से पूछताछ की तो कार बजाज नगर इलाके से पिछले माह चोरी करना बताया। जिसे आरोपी बेचने की फिराक में घूम रहे थे। इस पर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने 18 बाइक बरामद की। शातिर वाहन चोर विश्राम उर्फ राजकुमार मीणा खिलाफ 37 वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# किन्नर से बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर ले गए सोने की चेन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** तूंगा थाना इलाके में सिमरन बाई किन्नर के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। जांच अधिकारी एएसआई सेठ राम ने बताया कि पुराना पावर हाउस के पास सिमरन बाई किन्नर का आवास है। 23 तारीख को सुबह करीब 6 से 7 बजे सिमरन बाई अपने घर पर बकरी के बच्चों को दूध पिला रही थी। इसी दौरान दो बाइक पर चार लोग उनके पास आए। उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह चिल्लाने लगी। इस पर आरोपियों ने उसे पकड़कर सोने की चेन तोड़ी। फिर मौके से भाग निकले। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। तूंगा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन सवार बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# दो शातिर नकबजन सहित नकबजनी का माल खरीदने वाला खरीदार गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर नकबजन सहित नकबजनी का माल खरीदने वाले खरीदार को भी गिरफ्तार किया है और उनके पास से नकबजनी के लाखों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य चोरी के दो मोबाइल भी बरामद किए गए है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन जय कुमार जोनी निवासी सुभाष चौक जयपुर और भारत वासवानी निवासी सुभाष चौक जयपुर सहित चोरी का माल खरीदने वाले अशफाक उर्फ समीर निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है और उनके पास से नकबजनी के लाखों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य चोरी के दो मोबाइल भी जब्त किए है। आरोपित जय कुमार शातिर नकबजन है और अपने साले भारत को साथ लेकर सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने मानसरोवर, प्रताप नगर और सिंधी कैंप थाना इलाके से वाहन चोरी सहित मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# दोस्तों के साथ मिलकर मार्ट कर्मचारी ने चुराया हजारों का सामान


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चित्रकूट थाना इलाके में एक कर्मचारी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर नामी मार्ट से हजारों रुपए का सामान पार कर लिया। पुलिस के अनुसार मालवीय नगर निवासी राजीव कुमावत ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक नामी कंपनी के मार्ट में स्टोर मैनेजर है। उनके स्टोर में विजय सिंह एलपीसीएसए के पद पर कार्यरत है जो कि गेट पर सामान लेकर आने वाले लोगों का बिल चैक उन्हें जाने देता है। आरोपी मार्ट में फरवरी से काम कर रहा है। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मार्ट से सामान पार किया है। आरोपी गेट पर तैनात रहता है और अपने दोस्तों को मार्ट बुलाकर लेता है। इसके बाद ट्रॉली में सामान कर दोस्त लाते है और बिना बिल के वह उन्हें गेट से बाहर भेज देता है। इसके माध्यम से आरोपी ने काफी पैसे कमाएं है। खुद भी इसी प्रकार से मार्ट से सामान लेकर गया है। इस प्रकार का कृत्य वह कई महीनों से करता आ रहा है। घटना का पता स्टोर का रिकॉर्ड चैक करने पर लगा।

# यमुना स्वरूप बनास नदी में लगा रहता है गंदगी का अंबार, सुध लेने वाला कोई भी रनी धनी नहीं

## संबंधित विभाग के अधिकारी बने रहते है अनजान, विकास के नाम पर फ़याकड़ी का नाम गुल सफा।

बढ़ता राजस्थान



**नाथद्वारा ( नि.स. )।** वल्लभ समप्रदाय की प्रधान पीठ नाथद्वारा नगर में विकास के नाम पर केवल चुनाव के वक्त दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के नेताओं द्वारा नगर में विकास की गंगा बहाने का दावा करते हुए आए हैं ओर आज तक विकास के नाम पर फ़याकड़ी का नाम गुल सफा रहा है। सदियों पुराना नाथद्वारा नगर को सैकड़ो गावो से जोड़ने वाला बनास नदी पर स्थित पुल जर्र जर्र अवस्था में पहुंच गया है, जिस पर बड़े वाहन गुजरते हैं जिसके चलते कंपन होता है पुल पर जगह-जगह पेड़ पौधे उग आए हैं। साथ ही बनास नदी के पेटे में नगर का सभी कचरा डाला जा रहा है जिसके चलते बनास नदी का पानी दूषित हो रहा है जिसमें नहाना तो दूर दुर्गन्ध से पास खड़ा तक नहीं रह सकते हैं। बनास नदी को यमुना स्वरूप मानते हैं और इस की साफ सफ़ाई के लिए विगत कई वर्षों से स्थानीय निवासियों, संग संगठन मंच मोर्चा सहित राष्ट्रीय पार्टियों के स्थानीय पधाधिकारी, कार्यकर्ताओं, जागरूक लोगो, गणमान्य नागरिक, व्यक्तियो बुद्धिजीवी द्वारा साफ सफ़ाई हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराऐ जाने के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात रहाता आया है। लोगो ने बताया कि आज तक नाथद्वारा नगर में विकास के नाम पर शिक्षा, चिकित्सा, आवास , सड़क, पानी के साथ ही आवश्यक साधन सुविधा आजादी से पूर्व भी श्रीनाथजी मन्दिर के तत्कालीन तिलकायत महाराज श्रीनाथ द्वारा साधन सुविधाओं उपलब्ध कराई जाती रही है । उसी क्रम में वर्तमान, समय में वल्लभ कुल शिरोमणि परम् पूज्य श्री वल्लभ कुल की प्रधान पीठ के गोस्वामी तिलकायत महाराज ,श्री इंद्रदमन जी महाराज (राकेश जी महाराज श्री) व वल्लभ कुल दीपक आधुनिक विकास के प्रणेता चिरंजीव युवराज, विशाल बावा साहब की प्रेरणा से नगर विकास में शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में भूमि भवन निर्माण कार्य करवाया गया।

# चूरू की दीवारों पर बनाए गए सजीव चित्र मन हर्षित करते हैं : राठौड़

## पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में आयोजित हुआ

बढ़ता राजस्थान

**चूरू नगरपरिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान अंतर्गत वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता 2024 का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम.**



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान अंतर्गत चूरू नगर परिषद की ओर से आयोजित की गई वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता 2024 का बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज चूरू के दीवारों पर बने हुए सजीव चित्रों को देखकर मन हर्षित होता है। कलाकारों की कला प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि चूरू नगर परिषद की ओर से किए गए नवाचार निश्चित तौर पर ही अन्य नगर निकायों के लिए भी मॉडल व प्रेरणादायी साबित होंगे। नगर परिषद द्वारा पहली पहल आरआरआर सेंटर का संचालन करना तथा दूसरी पहल शहर को सुंदर बनाने के लिए बेहतरीन चित्रों से चित्रकारी करवाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि चूरू शहर अपने भित्ति चित्रों के लिए जाना जाता है। आज शहर की दीवारों पर कलाकारों द्वारा किए गए चित्र उनकी कल्पनाओं का मुहूर्त रूप दिया है। कला का यह प्रदर्शन बेजोड़ है। इससे शहर के सौंदर्य को चार चांद लगे हैं। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सभापति पायल सैनी, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, विमला गढ़वाल, आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अतिथि मंचस्थ रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम नथूलाल महावर को 21000 रुपए, द्वितीय दलीप कुमार माहिच व कृष्णकांत तौनगिरिया को 15000- 15000 रुपए, तृतीय गजेंद्र लुहार को 11000 रुपए, चतुर्थ युवराज सिंह व पंचम सद्दाम सैयद को 5000 - 5000 रुपए, जूनियर वर्ग में प्रथम आदित्य सोनवाल व नमृता जया जांगिड़ को 5100- 5100 रुपए, द्वितीय यादवेंद्र सोनी को 2100 रुपए, तृतीय एकता गहलोत को 1500 रुपए, चतुर्थ प्रिया धानुका व पंचम हितांक्षी शेखावत को 1100- 1100 रुपए तथा सांत्वना पुरस्कार में विकास डूडी, विनिता प्रजापत, कृतिका बाजा, चेल्सी अग्रवाल, दीपक गुर्जर, सुमेरमल रोलन, हिमांशु, काजल सैनी, अमरदीप, राजेश कुमार, चक्षु कौशिक व रजब अली सहित विजेता प्रतिभागियों को 500 - 500 रुपए पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति -पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सीनियर वर्ग के विजेताओं को नगरपरिषद द्वारा, जूनियर वर्ग के विजेताओं को उस्मान अंसारी, मुरारीलाल गोटेवाला व फाइव ब्रांड एंबेसडर के आर्थिक सहयोग तथा सांत्वना पुरस्कार नगरपरिषद स्टाफ के आर्थिक सहयोग से प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में मुकुल भाटी, सौरभ व दिनेश प्रजापत ने संचालन किया और प्रतियोगिता की रूपरेखा बनाने में सहयोग दिया।

# शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा ( नि.स. )।** नाथद्वारा राजसमन्द जिले की देवगढ़ पंचायत समिति में गुरुवार को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने राजसमन्द जिले के प्रवास के दौरान देवगढ़ में पंचायत समिति कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान भी विधायक हरिसिंह रावत, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, समाजसेवी माधव जाट, मानसिंह बारहठ सहित अन्य उपस्थित रहे। मंत्री दिलावर ने इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इसमें सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मंत्री श्री दिलावर ने इस अवसर पर प्रदेश में चल रहे वृक्षारोपण अभियानों की प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया। राजसमन्द जिले ने 7 अगस्त 2024 को आयोजित प्रदेश स्तरीय वृक्षारोपण अभियान में तय लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए जिले के सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और अभियान में योगदान देने वाले नागरिकों को हार्दिक बधाई दी।इस मौके पर पंचायत समिति देवगढ़ के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

# भौंरा मधुमक्खी के हमले में किसान की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** खेत में पानी की लाइन बदल रहे किसान परिवार पर भौंरा (बड़ी) मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले के बाद एक किसान ने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि एक बच्ची समेत चार महिलाएं हो गईं। मामला झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के झाझड़िया की ढ़ाणी का है। जानकारी के अनुसार - झाझड़िया की ढाणी निवासी किसान रोहिताश (58) पुत्र भगवाना राम अपने परिवार के साथ गुरुवार सुबह 9 बजे खेत में पानी की पाइप लाइन बदलने में व्यस्त था। इसी दौरान मधुमक्खियों ने रोहिताश पर हमला कर दिया। बाकी सदस्य कुछ दूरी पर थे। रोहिताश अचानक चिल्लाते हुए दौड़ा। उसे देख परिवार के सदस्य उसकी तरफ भागते आए तो उन पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से अफरा-तफरी मच गई। सभी लोग अचेत होकर खेत में ही गिर गए। पड़ोसियों ने एंबुलेंस को सूचना दी।

सभी को सूरजगढ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां रोहिताश की मौत हो गई। जबकि परिवार के अन्य सदस्य रतनी (45) पत्नी रामनिवास, मंगेश (28)पत्नी प्रदीप, युविका (2)पुत्री प्रदीप, रीना (28) पत्नी बृजेश घायल हैं।

# जगद्गुरू शंकराचार्य सदानन्द महाराज का जगत फार्म हाउस पर हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** अनन्त विभूषित द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य का दो दिवसीय प्रवास कोड़ियात रोड़ स्थित जगत फार्म हाउस पर रहा। जहां शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बीच राह में पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया,देहात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालसिंह झाला,नारायण पालीवाल, एवं सैकड़ों भक्तजन द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागमी सदानन्द महाराज का स्वागत किया गया। अम्बेरी मार्ग पर रवि कालरा, अजितसिंह चौधरी,प्रतीक नाहर एवं अन्य नगारिकों द्वारा स्वागत कर महाराज को जगत फार्म हाउस लाया गया। सुभाष चौक पर शिवसेना के अध्यक्ष मनीष मेहता के नेतृत्व में गुरूजी का स्वागत किया गया। श्री शंकराचार्य रेवधर तहसील के ब्रह्मा जी मन्दिर से सड़क मार्ग से होते हुए कोड़ियात रोड़ स्थित जगत फार्म हाउस पंहुचे, जहां ठाकुर युद्धवीरसिंह शक्तावत, ठकुरानी भुवनेश्वरी शक्तावत ने उनकी भव्य अगवानी कर महाराजश्री का पादुका पूजन किया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में बोलते हुए कहा कि भारत में सनातन एवं हिन्दू संस्कृति के लिये जागृत हो कर देश के स्कूल पाठ्यक्रमों में संस्कृति एवं पौराणिक इतिहास धर्म को शिक्षा में सम्मिलित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अपील की। शंकराचार्य ने कहा कि जिस प्रकार दूसरे धर्म में शिक्षा के लिये संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत व्यवस्था एवं सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। उसी तरह भारत में हिन्दू संस्कृति को ध्यान में रखते हुए हिन्दू संस्कार को प्रारम्भिक स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित करने का प्रावधान किया जाना चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान में गुरूकुल स्थापना की घोषणा की। दो दिवसीय प्रवास के दौरान शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी, अधिकारी, एवं राजनेताओं ने महाराज के दर्शन लाभ लिया।

# कब तक समझाइश करते रहेंगे, कचरा फैलाने वालों पर लगाएं पैनेल्टी : सुराणा

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला पर्यावरण समिति एवं एनजीटी निर्देशों की पालना के संबंध में आयोजित बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला पर्यावरण समिति एवं एनजीटी के निर्देशों की पालना में आयोजित बैठक में पर्यावरण और स्वच्छता विषयक विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता हम सभी के लिए प्राथमिकता का विषय होना चाहिए क्योंकि यह सीधे-सीधे व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन स्तर से जुड़ा हुआ मसला है। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि शहरों में लगे सीसीटीवी कैमरा और अन्य माध्यमों से कचरा फैलाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन पर जुर्माना लगाएं। नगर निकाय अपनी शक्तियों का उपयोग कर प्रभावी कार्रवाई करें, हम कब तक समझाइश के बहाने कार्रवाई को टालते रहेंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक के परिवहन और गोदाम पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाएं। जब तक सोर्स पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभारी रोक नहीं लग पाएगी। उन्होंने वीसी के जरिए जुड़े सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि वे शहरों में स्वच्छता विषयक बिंदुओं पर समुचित मॉनीटरिंग करें और देखें कि नगर निकायों में रात्रि के समय सफाई का कार्य हो ताकि बेहतर ढंग से सफाई हो सके। उन्होंने कहा कि शहरों में हर तरह के कचरे का प्रोपर डिस्पोजल होना चाहिए।

# आज लगेगा रोजगार सहायता शिविर

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, चूरू द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सहायता शिविर का आयोजन आज प्रात: 10 बजे से मातुश्री कमला गोयनका टॉउन हॉल, चूरू में किया जायेगा। सहायक निदेशक (रोजगार) वर्षा जानू ने बताया कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के 8वीं पास से लेकर स्नात्तकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थी को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। इस शिविर में बजाज एलियान्ज, बीआरआईएम कम्पनी, एच.आर. जेम्स कम्पनी, नवभारत फर्टिलाईजर्स, एल एण्ड टी कम्पनी, एसआईएस लि., पोस्ट ऑफिस पेमेन्ट बैंक, फिन क्रेडिट प्रा.लि., जीवन बीमा निगम, एसबीआई जीवन बीमा इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रिक्तियों के लिये साक्षात्कार के माध्यम से रिक्त पदों के विरूद्ध बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जायेगा।

# जूनियर फुटबाल लीग- नन्हे खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाया अपना कौशल और दमखम

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राउंड टेबल इंडिया और लेडिस सर्कल इंडिया द्वारा स्टेलियंस फुटबॉल अकादमी के सहयोग से जूनियर फुटबाल लीग का सीजन 2 का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में चार आयु वर्ग में हुई जिसमें 210 से अधिक प्रतिभाओं ने अपना दमखम व कौशल दिखाया। टेबल चेयरमैन सौरभ बापना ने बताया कि इसमें रॉकवुड स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट मैथ्यूज स्कूल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, पल्स फुटबॉल अकैडमी सहित 35 से अधिक टीमें शामिल थी। प्रतियोगिता के अंडर 15 आयु वर्ग में स्टेलियंस फुटबॉल अकैडमी, अंडर-12 आयु वर्ग में रॉकवुड्स स्कूल और अंडर 9 आयु वर्ग मे थे। जिसमें रेड टीम ने फाइनल मैच जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनआईओएस कोच गुलाम अली खान, राउंड टेबल इंडिया के अध्यक्ष सौरभ बापना, विवेक वैष्णव, आदित्य सोमानी, अविरल जैन और लेडीज सर्कल इंडिया की अनीशा सोमानी और साक्षी जैन उपस्थित थे। पूरी प्रतियोगिता में स्टॉलिन्स फुटबॉल अकादमी के मुख्य कोच गोपाल सिंह भाटी और प्रबंधक मोहम्मद अशरफ मौजूद रहे।

# सोजतिया ज्वैलर्स पर गुरू पुष्य नक्षत्र पर उमड़ी भीड़



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सोजतिया ज्वैलर्स पर आज गुरू पुष्य नक्षत्र पर आज भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वर्षो बाद ऐसा दिन आया जब गुरू पुष्य नक्षत्र गुरूवार के दिन पड़ा। सोजतिया ज्वैलर्स के संस्थापक प्रो.रणजीतसिंह सोजतिया ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सोने चांदी के भावों में लगभग 30 प्रतिशत की तेजी होने के बावजूद ग्राहकों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। उन्होंने बताया कि आज लाईट वेट की ज्वैलरी को ग्रहकों ने खासतौर पर पसंद किया। मान्यता है कि आज के दिन सोने-चांदी की ज्वैलरी खरीद कर साक्षात लक्ष्मीमाता को घर ले जाने के समान है। निदेशक डॉ.महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि आज प्रात: से ही ग्राहकों की भीड़ आने लगी और दोपहर तक तो शोरूम में पैर धरने तक की जगह नहीं थी। ग्राहकों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। ग्राहकों ने लाईट वेट ज्वैलरी में डायमण्ड की रिंग, गले का हार,पोलकी आदि ज्वैलरी को खरीदने में रूचि दिखाई।

## कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला ने नामांकन किया

# कांग्रेस के साथ झुंझुनूं की जनता का आशीर्वाद, निश्चित ही जीत होगी : अमित ओला

बढ़ता राजस्थान



**झुंझुनूं ( नि.स. )।** कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। वे अपने समर्थकों के साथ सादगी के साथ नामांकन भरने पहुंचे थे । नामांकन भरने के बाद उन्होंने कहा कि यह निश्चित है कि झुंझुनूं में कांग्रेस एक फिर से विजय होगी। जो आर्शीवाद मुख्य चुनाव में मिला था, वो इस बार भी मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि झुंझुनू की जनता के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं होने देंगे। कमल खिलने के लिए कीचड़ की आवश्यकता होती है, लेकिन झुंझुनूं को हम कीचड़ नही बनने देंगे। यहा के सद्भाव और शांति को भंग नही होने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है। सब मिलकर चुनाव लड रहे है। इस दौरान सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, सूरजढ विधायक श्रवण कुमार,फतेहपुर विधायक हाकम अली, पिलानी पितराम काला, सभापति नगमा बानों, प्रधान पुष्पा चाहर, सुनील जानू, पूर्व जिला अध्यक्ष महेन्द्र झाझड़िया सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहे। और नामाकंन से पहले पूर्व विधायक राजकुमार शर्मा, खेतड़ी से कांग्रेस प्रत्याशी रही मनीषा गुर्जर भी मानगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंची।

**Executive Engineer Public Health Engineering Department City Division IV (S), Jaipur**

S. No. 300D-21 Date: 21.10.24

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Works are invited from interested bidders, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

| UBN No. | NIT" For the Year 2024-25 | Last Date & time for online submission of tender document. |
| --- | --- | --- |
| PHG2425 WSOB05680 | NIT-19 | 28.10.2024 upto 3:00 PM |

Execurive Engineer
PHED, City Div. IV (S)
Jaipur

DIPR/C/10429/24

## सम्पादकीय

### चीन सीमा पर हुआ समझौता भारतीय सेना अब कर सकेगी निगरानी, 2020 में किया था अतिक्रमण

जब भी दो देशों के बीच सीमा पर तनाव बना रहता है, तो स्वाभाविक रूप से उनका आर्थिक विकास प्रभावित होता है। इसलिए दुनिया भर में प्रयास किए जाते हैं कि पड़ोसी देशों के साथ तनाव का रिश्ता न रहे। मगर अक्सर वर्चस्ववादी नीतियों के चलते कुछ देशों में परस्पर टकराव बना रहता है। भारत और चीन के बीच भी लंबे समय से रिश्ते इसीलिए मधुर नहीं हो पाते कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की मर्यादा का पालन नहीं करता। वह अपनी विस्तारवादी नीति पर कायम है। 15 जून, 2020 को चीनी सैनिकों ने गलवान घाटी के भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया था। दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव हुआ। उसके बाद चीन ने भारत के हिस्से वाले छह क्षेत्रों में अतिक्रमण कर लिया था। तबसे लगातार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी। अच्छी बात है कि दोनों देशों के बीच अब अपने सैनिकों को वापस बुलाने और एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल करने पर सहमति बन गई है। सोमवार को भारत ने इसकी सूचना जारी की थी, अब चीन ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ मिल कर सीमा संबंधी विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगा। यह अच्छी बात है कि गलवान में हुए सैन्य संघर्ष के बाद भी चीन बिना किसी हील-हुज्जत के हमेशा बातचीत की मेज पर बैठता रहा। तब से सैन्य अधिकारी स्तर की बीस से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। इसके अलावा विदेश मंत्रियों के स्तर पर भी बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। इन्हीं बैठकों और बातचीत का नतीजा है कि चीन ने भारत के छह में से चार क्षेत्रों देपसांग, गलवान, हाटस्प्रिंग और पैंगोंग से अपनी सेना हटा ली थी। मगर अभी भी दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक में उसका कब्जा बना हुआ था। भारतीय सैनिक उन क्षेत्रों में गश्त करने नहीं जा सकते थे। ताजा समझौते के अनुसार उन दोनों क्षेत्रों को भी खोल दिया गया है। अब भारतीय सेना अपने तय क्षेत्रों में गश्त कर सकेगी। भारत ने इसे चीन का सकारात्मक रुख बताया है। दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए उनकी सेनाओं का परस्पर मेलजोल बढ़ना जरूरी है। इस तरह अगर भरोसा बढ़ेगा, तो निश्चय ही सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाना आसान होगा।


हालांकि चीन के किसी भी रुख पर दावे के साथ कुछ कहना मुश्किल होता है। पूर्वी लद्दाख में उसके ताजा सकारात्मक रुख से निस्संदेह भारतीय सेना का तनाव काफी कम होगा, मगर चीन कब अपना रुख बदल ले, कहना मुश्किल है। भारत के पड़ोसी देशों, पाकिस्तान और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के जरिए उसने अपनी मौजूदगी बढ़ाने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली है। समय-समय पर वह भारतीय हिस्से वाली जगहों को अपना बता कर उनका नाम बदलता और उन्हें अपने नक्शे में दिखाता रहा है। हिंद महासागर में वह अपनी मौजूदगी बनाए रखने और बढ़ाने का लगातार प्रयास करता देखा जाता है। इसलिए उचित ही भारत कोई बड़ा दावा करने से बच रहा है। मगर यह भारत की बड़ी कामयाबी कही जाएगी कि उसने बहुत सावधानी और संयम के साथ चीन को अतिक्रमण वाली जगहों से वापस लौटने को राजी कर लिया।

पीने योग्य शराब बनाम औद्योगिक शराब

# सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच का ऐतिहासिक फैसला-34 साल पुराना अपना ही आदेश पलट दिया

**पीने योग्य शराब बनामऔद्योगिक शराब पर 9 जजों की बेंच द्वारा 23 अक्टूबर 2024 को दिए गए जजमेंट की करें तो,23 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने इंडस्ट्रिल शराब के अधिकार को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें पुष्टि की गई कि राज्यों के पास इस मामले पर कानून बनाने का अधिकार है केरल, महाराष्ट्र पंजाब और यूपी जैस राज्य इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट की शरण में थे,उनकी दलील थी कि जिस तरह इसका उपयोग किया जा रहा है, उसको देखते हुए राज्य सरकारें चुप नहीं बैठ सकतीं क्योंकि इनके उपयोग से जहरीली शराब भी बनाई जा रही हैं और मौते हो रही हैं।**

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं,गोंदिया महाराष्ट्र




वैश्विक स्तरपर प्रौद्योगिकी की निर्भरता के बढ़ते दौर में जीवन का परिदृश्य ही बदल गया है।जहां एक ओर इससे लॉन्ग टर्म सकारात्मक फायदे हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ शराब तंबाकू सट्टा जुआ सहित अनेक गलत तौर तरीके के व्यसनों की और मानवीय जीव चल पड़ा है तो तीसरी ओर इसका व्यापार व्यवसाय करने वालों और राज्य सरकारों को भी मोटी आमदनी हो जाती है विशेष रूप से राज्य सरकारों को शराब से मोटा राजस्व प्राप्त होता है, यही कारण है कि पिछली बार कोविड अवधि में जहां सारा देश लॉकडाउन था वही सबसे पहले शराब बिक्री को ही अनुमति दी गई थी, यांने वही राजस्व का चक्कर था,आज हम शराब पर इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि बुधवार दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को शाम संवैधानिक पीठ ने अपने ही 34 साल पुराने आदेश को पलट दिया और औद्योगिक शराब पर राज्य सरकारों को कर नीति बनाने या इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए कानून बनाने का अधिकार दे दिया है।हम कुछ अवधि से कुछ दशकों से सुनते आ रहे हैं,कि जहरीली शराब से इतने मरे उतनें मरे अभी-अभी हमने तमिलनाडु बिहार सहित कुछ राज्यों में जहरीली शराब पीने से बहुत लोगों की मौत का समाचार सुना था स्वाभाविक हैऔद्योगिक शराब का दुरुपयोग हुआ होगा, इसलिए ही राज्यों ने 34 साल की लड़ाई करमशक्कत के बाद फैसला उनके हक में आया है, इसपर कानून बनाने से अधिक औद्योगिक शराब पर मोटी टैक्स लगाने से राजस्व में भारी वृद्धि करने का फंडा है, क्योंकि अनेक राज्य सरकारी रेवड़ियों के कारण आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही है। चूँकि सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही राज्य सरकारों के लिए औद्योगिक शराब पर टैक्स के रूप में राज्यों को नया राजस्व स्त्रोत मील का पत्थर साबित होगा।

इस फैसले ने 1990 के पुराने फैसले को पलट दिया कि, जबकि इस पॉवर केंद्र सरकार तक सीमित कर दिया था।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडस्ट्रियल शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का है, इसे छीना नहीं जा सकता है।9 जजों की बेंच ने 7 जजों की बेंच के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि इंडस्ट्रियल शराब को रेगुलेट करने का अधिकार केंद्र के पास है।सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा है इंडस्ट्रियल अल्कोहल यानि औद्योगिक अल्कोहल का मसला केंद्र से ज्यादा राज्य सरकारों का है, लिहाजा वो इस पर कानून बनाने का अधिकार रखती हैं।इंडस्ट्रियल अल्कोहल को औद्योगिक शराब भी कह सकते हैं, इसे विकृत अल्कोहल भी कह सकते हैं, ये चूंकि इलेनॉल का शुद्धता वाला रूप में है, लिहाजा इसका इस्तेमला मानव उपभोग के लिए नहीं होता, ये पीते ही स्वास्थ्य को खराब कर सकती है और अस्पताल पहुंचा सकती है. ये जहरीली शराब जैसा काम भी करती है, असस में सुप्रीम कोर्ट ने 8:1 की बहुमत से फैसला सुना दिया है कि राज्य सरकार के पास भी औद्योगिक शराब को भी रेगुलेट करने की ताकत राज्य सरकारों के पास रहने वाली है, इसे उनसे छीना नहीं जा सकता है।बड़ी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि कानून में द्योगिक और नशीली शराब के उत्पाद दोनों शामिल रखे जाएंगे। इसका मतलब यह है कि नशीली शराब पर भी कानून बनाने का अधिकार राज्य का रहने वाला है। साथियों बात अगर हम पीने योग्य शराब व औद्योगिक शराब को समझने की करें तो, क्या है नशीली शराब की परिभाषा सुप्रीम कोर्ट के अनुसार सातवीं अनुसूची की सूची द्वद्व (राज्य सूची) की प्रविष्टि 8 में नशीली शराब शब्द में औद्योगिक शराब शामिल है, जो बताता है कि ये अगर मनुष्यों द्वारा उपयोग में लाई जाए तो जहर जैसा काम करती है, बहुमत की राय ने इस बात पर जोर दिया कि नशीली का अर्थ हानिकारक या जहरीले पदार्थोंसे भी हो सकतअल्कोहल कितनी तरह की होती है।शराब मुख्य तौर पर दो तरह की होती हैऔद्योगिक अल्कोहल यह आमतौर पर आइसोप्रोपिल अल्कोहल (आइसोप्रोपेनॉल) या विकृत अल्कोहल (एडिटिव्स के साथ इथेनॉल) होती है. आइसोप्रोपाइल अल्कोहल की केमिकल संरचना सी३८० होती है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से औद्योगिक सेटिंग्स में सफाई और कीटाणुशोधन के लिए किया जाता है दूसरी औद्योगिक अल्कोहल इथेनॉल यानि सी25ओह होती है,जिसका उपयोग अक्सर जहरीली शराब बनाने में किया जाता है।उपयोग की जाने लायक अल्कोहल-यह मुख्य रूप से इथाइल अल्कोहल (इथेनॉल) है जिसका उपयोग मनुष्यों द्वारा किया जाता रहा है. बीयर, वाइन और स्प्रिट जैसे मादक पेय पदार्थों में इसी के घटक होते हैं. इथेनॉल खो खमीर द्वारा शर्करा के किण्वन के माध्यम से बनाया जाता है औद्योगिक शराब का जहरीलाप आइसोप्रोपाइल और विकृत शराब दोनों ही अगर पीये जाएं तो जहर जैसा काम करते हैं सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, मसलन-पेट और आंतों में बुरी तरह जलन-नर्वस सिस्टम पर बुरी तरह असर-छोटी मात्रा से भी संभावित घातक परिणाम,आंखें जा सकती हैं पागलपन,मौत भी-औद्योगिक अल्कोहल के लगातार सेवन से लीवर और किडनी को नुकसान हो सकताकोमा का जोखिम,क्या इथेनॉल हमेशा जहरीला होता है- नहीं ऐसा नहीं है. इथेनॉल उच्च खुराक हमेशा जहरीली होती है,लेकिन तय सीमा सेवन के लिए सुरक्षित हैशरीर इथेनॉल को तब पचा सकता है, जब जिम्मेदारी से इसका सेवन किया जाए, तब इसके हानिकारक प्रभाव नहीं होते। साथियों बात अगर हम इस केस को समझने की करें तोकेस यह था कि क्या राज्य सरकारों के पास इंडस्ट्रियल अल्कोहल की सेल्स, डिस्ट्रीब्यूशन, प्राइसिंग को रेगुलेट और कंट्रोल करने की शक्ति है या नहीं। इंडस्ट्रियल अल्कोहल का उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, कीटाणुनाशक, रसायन और यहां तक ??कि जैव ईंधन के निर्माण में होता है।सुप्रीम कोर्ट बोला- औद्योगिक शराब पर टैक्स का अधिकार राज्य के पासऔद्योगिक शराब संविधान की लिस्ट द्वद्व की एंट्री 8 के तहत नशीली शराब की परिभाषा के तहत आती है, जिससे राज्यों को इसके उत्पादन को विनियमित करने और टैक्स लगाने का अधिकार मिलता है। औद्योगिक शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति छीनी नहीं जा सकती। साल 2010 में यह केस 9 जजों की बेंच में ट्रांसफर हुआ था। इस साल अप्रैल में इस केस में 6 दिन लगातार सुनवाई हुई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज 9 जजों की बेंच ने 8ऱ्1 के बहुमत से फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने फैसले का विरोध किया।इंडस्ट्रियल अल्कोहल इथेनॉल का अशुद्ध रूप है। आमतौर पर सॉल्वेंट के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। ये लोगों के पीने के लिए नहीं होती। अनाधिकृत उपभोग से बचने के लिए, इंडस्ट्रियल शराब में उल्टी पैदा करने वाला पदार्थ मिलाकर भी बेचा जाता है।याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि कि इंडस्ट्रियल शराब पर टैक्स लगाने की शक्ति महत्वपूर्ण है। ये राज्यों की आय का एक महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यदि औद्योगिक शराब को विनियमित करने की शक्ति केंद्र के पास चली जाती है, तो औद्योगिक शराब की अवैध खपत से निपटने के मामले में उनके हाथ बंधे रहेंगे।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं आईपीएस तेजस्वनी गौतम । इनका जन्म 16 जून सन 1989 में दिल्ली में हुआ। शुरू से की कुछ कर गुजरने का जज्बा लेकर आगे बढ़ी और आज आईपीएस बनकर लगातार एसपी शिप कर रही हैं। इन्होंने अपनी शिक्षा में बी.ए ऑनर्स राजनीति विज्ञान, एलएलबी, एम.ए. पब्लिक प्रशासन पुलिस प्रबंधन में स्नातकोत्तर की है। सरकार ने इन्हें पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (पूर्व) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर जैसे बड़े पद पर लगाया हुआ है। इससे पहले ये पुलिस अधीक्षक, बीकानेर रही साथ ही साथ कमांडेंट, 10वीं बटालियन, आरएसीए बीकानेर के पद को भी अतिरिक्त प्रभार के साथ संभाला। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक, अलवर, पुलिस अधीक्षक, चूरू,पुलिस अधीक्षक, एसओजी जयपुर, पुलिस अधीक्षक, बांसवाड़ा, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, पुलिस आयुक्तालय,जयपुर,पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर, पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर, सहायक पुलिस अधीक्षक, बस्सी,जयपुर, प्रशिक्षणाधीन एसयूपीएनपीए हैदराबाद रही हैं। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के कारण इन्हे लगातार एसपी शिप का ताज मिल पा रहा है। पुलिस के लिए नवाचार व उल्लेखनीय कार्यो के लिए विभिन्न पुरुस्कार प्राप्त कर खाकी का गौरव भी बढ़ाया है। इन्हे पुलिस विशेष कर्तव्य पदक सर्वोत्तम चुनावी कार्यप्रणाली पुरस्कार भी मिल चुके हैं। अलवर व बीकानेर एसपी शिप के दौरान ई-सुनवाई की शानदार प्रणाली लोगों को खासी भाई। आज पूरे राजस्थान में इस महिला पुलिस अधिकारी के चर्चे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।


तेजस्वनी गौतम
आई-पी-एस

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 25 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड ने 1415 को उत्तरी फ्रांस में एजिनकोर्ट की लड़ाई जीती।
- युद्ध के दौरान अमेरिका फ्रिगेट यूनाइटेड स्टेट्स ने 1812 में ब्रिटिश पोत मैसिडोनिया पर कब्जा कर लिया।
- बोल्शेविक (कम्युनिस्टों) व्लादिमीर इलिच लेनिन ने 1917 को रूस में सत्ता हथिया ली।
- भारत में ब्रिटिश अधिकारियों ने 1924 में सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर 2 साल के लिए जेल भेज दिया।
- द्वितिय विश्वयुद्ध के अंत में चीन ने 1945 में ताइवान पर कब्जा किया।
- भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत 1951 में हुई।
- अमेरिकी लेखक जॉन स्टीनबेक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार 1962 में दिया गया।
- अवादी कारखाने में पहले स्वदेशी टैंक 'विजयंत' का निर्माण 1964 में किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा में ताइवान को चीन में शामिल करने के लिए 1971 में मतदान हुआ।
- तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1995 में संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया।
- अंतरिक्ष यान डिस्कवरी (यू.एस.ए.) 13 दिन के अभियान के बाद 2000 में सकुशल वापस।
- ईराक में नये संविधान को जनमत संग्रह में 2005 को बहुमत के साथ मंजूरी मिली।
- तुर्की के युद्ध विमानों ने 2007 को उत्तरी इराक के पहाड़ी कुर्दिस्तान क्षेत्र में भारी बमबारी की। मध्य इण्डोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में माउंट सोपुटान ज्वालामुखी फटा।
- सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री नर बहादुर भंडारी को 2008 में छह माह की सज़ा सुनाई गई।
- बगदाद में 2009 को बम धमाकों से 155 लोगों की मौत तथा 721 घायल।
- क्यूबा और हैती में 2012 को 'सैंडी' तूफान से 65 लोगों की मौत तथा आठ करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।
- नाइजीरिया में सेना ने 2013 में आतंकवादी संगठन बोको हराम के 74 आतंकवादियों को मार गिराया।

### 25 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध अंग्रेज़ी कवि, निबन्धकार, इतिहासकार तथा राजनीतिज्ञ लॉर्ड मैकाले का जन्म 1800 में हुआ।
- स्पेन के ख्यातिप्राप्त चित्रकार पाब्लो पिकासो का जन्म 1881 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार तथा लेखक मुकुंदी लाल श्रीवास्तव का जन्म 1896 में हुआ।
- कर्नाटक संगीत के गायक मदुराई मणि अय्यर का जन्म 1912 में हुआ।
- प्रसिद्ध लेखिका मृदुला गर्ग का जन्म 1938 में हुआ।

### 25 अक्टूबर को हुए निधन

- संत ज्ञानेश्वर का निधन 1296 में हुआ।
- भारतीय गीतकार और कवि साहिर लुधियानवी का निधन 1980 में हुआ।
- मेघालय के पहले मुख्यमंत्री कैप्टन संगमा का निधन 1990 में हुआ।
- प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक तथा समाज सुधारक पाण्डुरंग शास्त्री अठावले का निधन 2003 में हुआ।
- साहित्यकार निर्मल वर्मा का निधन 2005 में हुआ।
- प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जसपाल भट्टी का निधन 2012 में हुआ।

विशेष आलेख

## चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

ललित गर्ग



गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। काम में विरोधी पराजित होंगे और सफल हो जाएंगे। आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा।

**वृष**
नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

**मिथुन**
आय के स्रोत बढ़ेंगे। अविवाहितों के लिए विवाह के योग हैं। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे।

**कर्क**
आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मधुर वाणी से नए संबंध स्थापित होंगे। कला तथा पढ़ने-लिखने में आपकी रुचि रहेगी। विद्याभ्यास के लिए अनुकूल समय है। आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा।

**सिंह**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। जनसंपर्क में रहना होगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होगा। आर्थिक लाभ होने की आशा रख सकते हैं। परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे।

**कन्या**
आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी और उनकी तरफ से मिले हुए उपहार आपको प्रसन्न करेंगे।

**तुला**
बाहर का भोजन करना टालें, अन्यथा पाचन तंत्र की दिक्कत हो सकती है। आज आपका मन कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। पारिवारिक या जमीन जायदाद के मामले हाथ में न लेना हितकर रहेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी।

**वृश्चिक**
मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है। मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा। ध्यान से आप मानसिक शांति रखेंगे।

**धनु**
स्वस्थ नींद का अभाव रहेगा। आज विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा।

**मकर**
परिवार में मेल-मिलाप का वातावरण रहेगा। दूर बसने वाले मित्रों स्नेहीजनों से लाभदायक संदेश आदान-प्रदान होंगे। आय की अपेक्षा व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। क्रोध और इगो से काम बिगड़ सकता है।

**कुंभ**
नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद और संतोष रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। आर्थिक लाभ, सार्वजनिक जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबन्धन तथा एनीमिया रोकथाम विषयक कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग, सवाई माधोपुर के तत्वाधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत गुरूवार को माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबन्धन तथा एनीमिया रोकथाम विषय पर जिला मुख्यालय पर किशोरी बालिकाओं एवं महिलओं की सहभागिता से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबन्धन तथा एनीमिया रोकथाम विषय पर जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला सामान्य चिकित्सालय, सवाई माधोपुर के फिजिशियन डॉ. लोकेश गुप्ता ने एनीमिया रोकथाम विषय पर उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को विस्तार से जानकारी प्रदान की। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला सामान्य चिकित्सालय, सवाई माधोपुर डॉ. सुशील गोयल ने माहवारी के सम्बन्ध में समाज में ब्याप्त विभिन्न भ्रांतियों के बारे में भी जागरूक किया तथा माहवारी के दौरान स्वच्छता व खान-पान का ध्यान रखते हुए सेनेटरी पैड का प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बन्धी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग अमित गुप्ता द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में संरक्षण अधिकारी राजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक नूतन कुमार जिन्दल, सहायक लेखाधिकारी रामावतार गुप्ता, सुपरवाईजर सुरेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. नासिर ने मौसमी बीमारियों के कारण सावधानियां एवं निवारण संबंधी जानकारी दी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर कैलाश सांवरिया मालपुरा के आदेश अनुसार गुरुवार को डॉक्टर नासिर के द्वारा अल अमीन स्कूल मालपुरा के छात्र-छात्राओं को जल जनित मच्छर जनित बीमारियों के कारण वे सावधानियां एवं निवारण की जानकारी दी ।

इस अवसर पर विशेष कर स्क्रब टायफस ,डेंगू ,चिकनगुनिया, मलेरिया ,टाइफाइड ,हैजा जीआर डायसिस हेपेटाइटिस ए ,सालमोनेला ,और डिसेंट्री आदि की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अल अमीन स्कूल के प्रिंसिपल महोदय सलीम अहमद स्कूल स्टाफ मौजूद रहा वहीं पर ।

इस अवसर पर शहर काजी वकार अहमद साहब के द्वारा भी बच्चों को अपने महत्वपूर्ण संदेश से लाभान्वित किया।

## जिला कलक्टर करेंगी 25 को बालेर में रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण के उद्देश्य से 25 अक्टूबर को सांय 7 बजे जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत बालेर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा दल ने विभिन्न स्थानों पर की कार्यवाही

# त्यौहारी सीजन में चिकित्सा विभाग टीम एक्शन मोड़ में, ताबड़तोड़ की जा रही कार्यवाही

### 400 किलो मावा, 100 लीटर घी, 90 लीटर सरसों तेल सीज, 55 लीटर अवधिपार कोल्डड्रिंक मौके पर ही करवाये नष्ट

बढ़ता राजस्थान





**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सवाई माधोपुर में ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि त्यौहारी सीजन में जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मावा मिठाई, पनीर व अन्य खाद्य वस्तुओं के अधिक से अधिक सेम्पल लिये जाने के लिए जिला स्तर पर तीन खाद्य सुरक्षा टीमों का गठन कर, आवंटित क्षेत्रों में कार्यवाही व रिपोर्टिंग करने के आदेश प्रदान किए हैं। विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कम्प व्याप्त हो गया। गठित किए गए दलों में से पहले दल द्वारा बुधवार को सीएमएचओ डॉ. मीना के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्वीया द्वारा गंगापुरसिटी में गुढाचंद्रजी में कार्यवाही करते हुए श्री श्याम डेयरी में घी की गुणवत्ता के संदेह पर 30 लीटर घी सेम्पल लेकर सीज किया गया, राधा कृष्ण डेयरी पर दल के पहुंचने पर दुकान मालिक दुकान छोड़ भाग गया, पर संदेह पर 70 किलो घी सीज किया गया, शर्मा डेयरी से घी का, कैलाश प्रजापति से मावा का, बाबू लाल सैनी मावा भंडार से मावा का सेम्पल लिया गया व बाबू लाल सैनी मावा भंडार से अवधिपार 55 लीटर कोल्डड्रिंक मौके पर ही नष्ट करवाई गई। वहीं टोडाभीम में गोवर्धन मिष्ठान्न भण्डार से मावा, अग्रवाल स्टोर से मावा बर्फी का, पीके एजेंसी से मिर्ची, बेसन का सेम्पल लिया गया, पीके एजेंसी पर अवधिपार मसाले, बिस्किट, मिर्ची, कुरकुरे, चिप्स मौके पर नष्ट करवाए गए। नरेश मित्तल भंडार से मावे का सेम्पल लिया गया व नरेश मित्तल पर खराब क्वालिटी का मावा पाए जाने पर मावा सीज किया गया। इसी प्रकार दूसरे दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह द्वारा मलारना डूंगर में कार्यवाही करते हुए प्रमुख दुकानों से पांच नमूने लिए गए। गोविंद किराना स्टोर बस स्टैंड से सरसों के तेल का एक नमूना लिया गया, दूसरा फर्म बाबूलाल चंद्र प्रकाश से एक नमूना सरसों का तेल टैगोर ब्रांड, शंकर मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई का, बालाजी डेयरी से घी लूज का एवं जय अम्बे मिष्ठान भंडार से आम के अचार का नमूना लिया गया। फर्म बाबूलाल चंद्र प्रकाश पर 90 लीटर सरसों के तेल को रिपोर्ट आने तक सीज किया गया। विभाग के तीसरे दल द्वारा खंडार में कार्यवाही करते हुए तीन दुकानों से सेम्पल लिए गए। गौत्तम मिष्ठान्न भंडार बहरांवडा खुर्द से मावा बर्फी, बीकानेर मिष्ठान्न भंडार से मलाई बर्फी, भरत लाल ओम प्रकाश किराना मेन मार्केट खंडार से लाल मिर्च पाउडर का सेम्पल लिया गया।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

# सवाई माधोपुर में 14 सरकारी व 6 निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध

### पहले पंजीकरण कराने पर मिलने लगेगा 25 लाख रुपए के स्वास्थ्य बीमा का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश के बडे शहरों से लेकर गांव तक हर जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। आयुष्मान योजना में पंजीयन से वंचित परिवारों को 31 अक्टूबर, 2024 तक पंजीयन कराने पर 1 नवम्बर से योजना का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी कल्याणकारी योजना का 1 नवम्बर से लाभ शुरू करवाने के लिए पंजीयन करवाने का अब 1 सप्ताह ही शेष है। 31 अक्टूबर तक पंजीकरण नहीं करवाने वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए 3 माह का इंतजार करना पड़ेगा। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि योजना में जिले के अब तक अपंजीकृत वंचित परिवार स्वयं की एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते है, ताकि 1 नवम्बर से योजना का लाभ मिल सके। जिनका रिन्यू करवाना शेष है वे रिन्यू करवा लेवें। 31 अक्टूबर के बाद रजिस्ट्रेशन करवाने पर नियमानुसार 3 महीने बाद यानी 1 फरवरी 2025 से योजना का लाभ मिल सकेगा। आमजन इस योजना से जुड़े जिले के 14 सरकारी व 6 निजी अस्पतालों सहित राज्य भर के 1,700 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। योजना अंतर्गत कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए डे केयर पैकेज जोड़े गए हैं। इसके सहित कुल 1,806 उपचार पैकेज से नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। लघु एवं सीमांत किसान, संविदाकर्मियों तथा कोविड-19 अनुग्रह राशि प्राप्त परिवारों का प्रीमियम तो सरकार वहन कर रही है परंतु उन्हें प्रतिवर्ष निशुल्क पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीयन करवाने के बाद उन्हें व परिवारजनों को 25 लाख रुपए का निशुल्क इलाज मिल सकेगा। साथ ही 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा भी निशुल्क मिलेगा। योजनांतर्गत जिले में अब तक सरकारी अस्पतालो के माध्यम से 17,73,85,675 राशि के 99,365 पैकेज व निजी अस्पतालों द्वारा



23,31,65,503 राशि के 36,542 पैकेज बुक किये जा चुके हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. पूनिया का जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने 61वें जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान डॉ. पूनिया के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओ ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा कर सेवा दिवस के रूप में मनाया। भाजपा नटवाड़ा मण्डल के कार्यकर्ताओ द्वारा गोवंश को गुड खिलाकर हरा चारा डाला गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और परोपकार कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, तेजभँवर सिंह राठौड़, मुकेश कीर, शंकर मोठिया, रामजी लाल बोकण, श्याम जोशी, गुड्डू जोशी, सांवरा जोशी, अंकुश शर्मा, मूलचंद धाबाई, देवलाल धाबाई, सूरज मल गौतम, हनुमान धाबाई, बाबू लाल धाबाई सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दीपावली की खुशियां मातम में बदली : ट्रेन से गिरने से एक मजदूर की मौत

### निवाई रेलवे स्टेशन के समीप हुआ हादसा, परिवार में छाया दुख का साया

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए बुधवार की देर शाम अजमेर जबलपुर एक्सप्रेस से अपने साथी मजदूरों के साथ में गांव जा रहे एक यात्री की ट्रेन से गिरने पर मौत हो गई। जीआरपी थाना दीवान मीठालाल मीणा ने बताया कि सूचना मिली कि ज्ञानचंद पुत्र विष्णु यादव उम्र 23 वर्ष निवासी खुरई सराय सेहपुरा डिंडोरी मध्य प्रदेश अपने साथियों के साथ फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य करता था।

सभी साथियों के साथ जबलपुर ट्रेन से दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए अपने गांव जा रहा था। निवाई रेलवे स्टेशन के समीप अचानक ट्रेन के गेट से हाथ छूट और वह ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई। और जीआरपी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतक का छोटा भाई भी साथ में था। और गुरुवार की सुबह जीआरपी पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने की कार्यवाही, मिलावटखोरों में मचा हड़कम्प

बढ़ता राजस्थान

### कई दुकानों से लिए खाद्य पदार्थ के नमूने

**निवाई( का.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खॉन के निर्देशानुसार दिपावली के त्यौंहार पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए विशेष अभियान शुद्ध आहार-मिलावट पर वार के तहत शहर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही की। जिससे मिलावटखोरों में हडकम्प मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोककुमार यादव ने बताया कि गुरूवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शहर मे संचालित फर्मो का औचक निरीक्षण कर न्यू श्री श्याम मावा पनीर बॉयलर प्लांट से मावा, सोन पपडी व मावा बर्फी का नमूना लिया। इसी प्रकार सीताराम मावा वाले से मावा व मिक्स्ड मिल्क, कान्हा मावा पनीर से मावा व मावा बर्फी तथा मॉ सती बीकानेर मिष्ठान भण्डार से मिल्क केक व पनीर का नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मावा व पनीर इत्यादि मिलावटी मसाले, अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ, आटा व बेसन के नमूने लिए हैं। उन्होंने बताया कि खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त नमूनों की जांच के बाद मिलावट पाये जाने पर मिलावटखोरों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा, अविनाश साहू, राजेन्द्र सैनी व रामेश्वरप्रसाद सहित कई अधिकारी मौजूद थे।



## ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ कार्यक्रम का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के आदेशानुसार ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य हंसराज जाट की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यो-गुजरात,असम,जम्मू-कश्मीर, केरल,तमिलनाडु राजस्थान आदि राज्यो से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।शिक्षक अरविंद त्रिपाठी ने अपने उदबोधन में सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमो की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी छात्रों से भारत की आत्मा को जानने की बात कही। प्रधानाचार्य जाट ने असम व राजस्थानी संस्कृति पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन श्क्क्स्क्र प्रभारी भंवर सिंह खंगारोत ने किया।




## आज साढे 3 घंटे बंद रहेगी बिजली

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को मायला बाग फीडर मरम्मत कार्य को लेकर 3 घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ट अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत लाईनों के रख रखाव व मरम्मत कार्य के चलते शिवाजी कॉलोनी गली नम्बर 1 से 18, लाखा वाली ढाणी, गणगोरी बाजार, मायला बाग, चौहटी बाजार, बडा बाजार, खारी कुई, पुलिस थाना के आस पास, जैन कॉलोनी, टाल वालों का मोहल्ला व देशराज आईटीआई के आस-पास के क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह 8–30 से 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## कपड़े का थैला बाटं लोगों को किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3056 डॉ राखी गुप्ता के महत्वाकांक्षी अभियान प्रदूषण मुक्त भारत अभियान के तहत सभी क्लब सदस्य प्रदूषण के महत्वपूर्ण घटक पालीथीन का उपयोग छोड़कर कपड़े एवं जूट के बेग का प्रयोग करने के लिए अभियान चलाया तथा इस को रोटरी घर घर तक पहुंचाने का प्रयास करे ताकि गांव से लेकर शहर तक जो पालीथीन वेस्ट जमा होकर पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ रहा है उस पर रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर उनके द्वारा कपड़े का थेला भी वितरित किया गया। इस दौरान गुरुवार को असिस्टेंट गवर्नर डॉ अंकित जैन क्लब अध्यक्ष डॉ राकेश जैन ,सचिव सुनील जैन ,रोटरीयन कैदार गुप्ता ,रोटेरीयन जानम एवं समस्त सदस्यो ने कपड़े का थैला बाटं लोगों को जागरूक किया ।

## फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर आयोजित किया जाएगा। यह अभियान भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दौड़ या यूनिटी रन के साथ सम्पन्न होगा। ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, उपखण्डों और जिला स्तर पर 31 अक्टूबर तक फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा ने बताया कि 25 अक्टूबर को जिला स्तर पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 के तहत दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 अक्टूबर को प्रात: 7:30 बजे इंदिरा मैदान से प्रारंभ होगा। जिला स्तरीय एकता दौड़ का आयोजन इंदिरा मैदान से प्रारंभ होकर, कलेक्ट्रेट के सामने होते हुए पुलिस लाइन से पुरानी ट्रक यूनियन होते हुए वापस पोस्ट ऑफिस के सामने होते हुए इंदिरा मैदान तक किया जाएगा। इंडिया फ्रीडम रन में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, खिलाडियों, समस्त राजकीय कर्मचारियों, महिलाओं , छात्र-छात्राओं, गांव और शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, एनजीओ, ट्रस्ट, स्वच्छता व स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं, स्थानीय क्लबों, खेल एवं फिटनेस क्लबों, योग केंद्रों, व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्धजन आदि भाग लेंगे।

# कॉग्रेस प्रत्याशी ने भरा नाकांकन, मतदाताओं को लुभाने का काम कर रही है सरकार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रामगढ़ विधानसभा में आगामी 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी जुबेर आर्यन खान ने गुरूवार को निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। और नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि यह नामांकन सभा से पहले ही कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का जश्न है। दिवंगत जुबेर खान और कांग्रेस पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाने के लिए आर्यन मजबूत स्तम्भ की तरह काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि दिवंगत जुबेर खान ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक विकास कार्यों की विशेष सौगात दी है और अब विधानसभा का यह चुनाव आर्यन नहीं बल्कि रामगढ़ क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठे हुकमरानों को इस बार राजस्थान की जनता सात सीटों पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताकर करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉण् भीमराव अम्बेडकर के बनाए गए संविधान से छेडछाड करने वाले भारतीय जनता पार्टी के इन नुमाइंदों को जनता उपचुनाव में सबक सिखाएगी।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले:भाजपा विचलित हैं बाहर के लोगों को बुला रहे हैं

**अलवर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा इस उपचुनाव में विचलित हो गई है इसलिए बाहर से नेताओं कों बुलाया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री सहित तमाम बडे नेता आ रहे हैं।लेकिन जनता इनसे पूछने वाली हैं पिछले 10 महीनों में इनकी सरकार ने प्रदेश के लिए क्या किया। इन्हे लगता हैं बडे नेताओं को बुलाने से वोट बढ़ जाएंगे लेकिन इसके विपरीत परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि दिवंगत पूर्व विधायक जुबेर का रामगढ से परिवार का रिश्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आजादी की लडाई से लेकर अब तक देश को तोडने का काम किया है। इनके खुफ्यिा और खबरी नुमाइंदे जाति और धर्म के नाम पर भोली.भाली जनता को बरगलाने का काम कर रहे है। भाजपा के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान को तोडने की घिनोनी साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं ओबीसी के लोगों के लिए इनके डीएनए में ही जहर भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि संविधान को कमजोर करने वाली भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा उपचुनाव में राजस्थान की जनता मुंहतोड जवाब देकर इनके प्रत्याशियों को पूरे प्रदेश में सिरे से खारिज करना है।



## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले :- सत्ता का दुरूपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सत्ता का दुरुपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है किया जाएगा। जूली बोले ये पक्ष के नेता हैं तो में भी विपक्ष का नेता हूँ। सरकार जनता के लिए हैं नाही दुरुपयोग के लिए। जूली ने कहा कि हिंदू मुस्लिम का नारा देने वाली इस भाजपा की सरकार को उपचुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।उन्होंने कहा कि दिवंगत जुबेर खान के कांरवा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी युवा आर्यन रामगढ़ विधानसभा की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से करें। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर सांसद संजना जाटव,भजन लाल जाटव, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, धर्मेंद्र राठौर,विधायक दीपचंद खेरिया, ललित यादव, मांगीलाल मीणा, कांतिलाल मीणा, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, राजेंद्र गडुरा, बलजीत यादव,प्रधान नसरू खान,अजीत यादव,संजय यादव,कमलेश सैनी, हिम्मत सिंह चौधरी,नरेंद्र सावित्री मीना सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मीट विक्रेताओं ने खुले नाले में फेके अवशेष के खाली डब्बे



नाले में तैरता खून से सना डिब्बा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे में मीट विक्रेताओं द्वारा गुरुवार सुबह खून से सने और मीट के अवशेषों से भरे थर्माकोल के डिब्बों को खुले नाले में फेंक दिया। जिसको लेकर कॉलोनी के लोगों ने आक्रोश जताया। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन को फोन कर नाराजगी जताई।

इस तरह खुले में मीट के अवशेष के डिब्बे फेंकने वाले मीट विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।नगर पालिका के पूर्व पार्षद गौरव शर्मा, स्टोन व्यवसायी योगेश मित्तल, उपखंड कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि कस्बे के कसाईपाड़ा इलाके में मीट की कई दुकानें हैं। मीट के अवशेषों को श्याम सरोवर कॉलोनी से निकल रहे खुले नाले में फेंका जा रहा है। इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। दुकानदारों को इस तरह खुले में मीट के अवशेष नहीं डालने को लेकर पाबंद करना चाहिए। इस संबंध में नगर पालिका ईओ हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि मीट विक्रेताओं को नोटिस जारी कर पाबंद किया जाएगा। इसके साथ ही बिना लाइसेंस चल रही मीट दुकानों को बंद करने के कार्रवाई की जाएगी।

# गिरुड़ी के राजकीय विद्यालय के एथलेटिक्स ने जीता स्वर्ण पदक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम गिरूडी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 68 वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता एथलेटिक्स 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र एवं छात्रा प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया एवं चैंपियनशिप प्राप्त की। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने 19 वर्ष छात्रा एथलेटिक्स में अपना अतुल्य प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान एवं चैंपियनशिप प्राप्त की है। छात्रा मीनाक्षी सेन पुत्री गगन सेन ने 100 मीटर ,200 मीटर ,लॉन्ग जंप एवं रिले में गोल्ड मेडल हासिल किया है एवं बेस्ट प्लेयर का अवार्ड प्राप्त किया है। छात्रा मीनाक्षी सेन पुत्री गगन सेन का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु भी चयन किया गया है। छात्रा हिमांशी पुत्री मनोज कुमार ,स्वाति पुत्री श्री धूनाराम, प्रतिज्ञा पुत्री श्री लक्ष्मीकांत ने भी रिले में स्वर्ण पदक हासिल किया है। छात्र अमित पुत्र श्री सूरज सिंह शेखावत ने 3000 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया है ।इस तरह से हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 19 वर्ष एथलेटिक्स में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप प्राप्त की है । इस हेतु स्थानीय विद्यालय में छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि गिरूडी श्याम सुंदर सोनी,प्रधानाचार्य ममता गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुंदर सिंह मीणा सहित समस्त स्टाफ एवं उदय सिंह ,रमेश चंद सैनी ,मुकेश कुमार ,कृष्ण कुमार यादव ,रजनीश स्वामी, सुरेंद्र कुमार ,राजकुमार स्वामी ,रतन सिंह,अंजलि अग्रवाल, निशा शर्मा ,किरण यादव, ममता राजोरिया, संजीत यादव शारीरिक शिक्षक ,कमला मीणा ,सुशीला यादव, प्रिया जांगिड़, ममता ज्योतिषी, इंद्र मोहन एवं एवं गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्य में श्रीमती संजीत यादव शारीरिक शिक्षक के अथक परिश्रम एवं सहयोग की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इससे पूर्व भी श्रीमती संजीत यादव के नेतृत्व में स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने जिला स्तरीय 19 वर्ष हॉकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । स्थानीय विद्यालय ने समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की।

# विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( वैर )।** श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । जिसमें गोला फेक प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गौरव, 200 मी दौड़ में द्वितीय स्थान तथा 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हरिओम 3000 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कौशल तथा 17 वर्ष एवं 19 वर्ष 100 मी रिले दौड़ में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हरिओम, दुष्यंत , राम अवतार, नितिन ,मोहित , रामवीर तथा लवकुश को प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन एसबीके बालिका स्कूल भरतपुर में किया गया था । जिसमें विद्यालय के 12 सदस्य् दल ने भाग लिया था जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक गोल्ड मेडल ,दो सिल्वर मेडल तथा 3 ब्रॉन्ज मेडल सहित कल 6 मेडल जीतकर एथलैटिक्स चैंपियनशिप में रनर- अप का खिताब जीता । शारीरिक शिक्षक व्याख्याता आशा गुलाटी के नेतृत्व और निर्देशन में विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# काला पहाड़ पर खनन आस्था से खिलबाड़

## पूर्व सांसद से मिला प्रतिनिधिमण्डल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** हिन्दू आस्था से खिलबाड़ रोकने के लिये काला पहाड़ ( कालिया पहाड़ ) पर होने बाले खनन और नई लीजों के आवंटन को निरस्त करने तथा कालिया पहाड़ को देवस्थान विभाग में जोड़ने और पर्यावरण को बचाने की माँग को लेकर गत बुधवार को संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भरतपुर में पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट से मुलाकात की और आन्दोलन में सहयोग के लिये आग्रह किया ।

कालिया बाबा सेवा संघर्ष समिति ने कहा कि धार्मिक महत्व के पर्वत को पूजा जाता है छोटे गोवर्धन पर्वत के नाम से ही परिक्रमा होती है लेकिन खनन के लिये जनभावनाओं से खिलबाड़ करते हुऐ पहाड़ को बर्बाद किया जा रहा है । क्षेत्र की जनता रोक की माँग करते हुये संघर्ष कर रही हैं लेकिन सरकार चुप बैठी है। संघर्ष समिति ने बताया कि पिछले दिनों हुऐ आन्दोलन में भी अधिकारियों ने जो वायदा किया था उसे पूरा नहीं किया जिसकी वजह से आसपास के ग्रामीणों मे नाराजगी है । प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि खनन की बजह से पैड़ पौधों वनस्पति और आयुर्वेद के सिदांतों की क्षति की जा रही है । करीब 21 किलो मीटर ( 7 कोस ) की परिकमा होती है । पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि आन्दोंलन के समय प्रशासन ने जो वायदा



किया था उसे तो हर सूरत में पूरा करना ही चाहिये था । उन्होंने कहा कि काला पहाड़ धार्मिक आस्था का हमेशा ही केन्द्र रहा है । इस पहाड़ का पर्यावरण और वन औषधियों के हिसाव से भी बड़ा भारी महत्व है , अनेकानेक सिद्ध पुरुषों के द्वारा स्थापित मन्दिर और गुफाएं है सरकार को इनका संरक्षण करना चाहिये । उन्होंने कहा कि हर प्रकार से अति महत्व के पहाड़ और पर्वतों को सरकार द्वारा बचाना चाहिये । पंड़ित रामकिशन ने संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमण्डल को जहाँ और और सरकार और प्रशासन तक बात पहुचाने और अगर वहाँ क्षेत्र की जनता काला पहाड़ को बचाने , देवस्थान में शामिल करने और नई लीजों को निरस्त करने के लिये गाँधीवादी आन्दोंलन किया जाता है तो वह जरूर उसमे सहयोग करेंगे। जबकि किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि राज्य सरकार को इस मुद्दे को जरूर गम्भीरता से लेना चाहिये क्योंकि तीन जिलों की सीमा पर स्थित काला पहाड़ से लाखों लोगों की हिन्दू धार्मिक आस्था जुड़ी हुई हैं । पशुधन विकास को भी बढ़ाबा मिल रहा हैं। इस प्रतिनिधिमन्डल में बबेरवर सरपंच ठाकुर बिजेन्द्र सिंह , संजीब चौहान जसवर, पूरन सिंह जसवर , डा0 सुरेश सैनी अलीपुर , बबलू सुआकी , मुख्य रूप से थें। प्रतिनिधिमण्डल हसन खाँ मन्दिर फटा पहाड़ मन्दिर के श्रीमहंत बाबा चन्द्रमा दास के नेतृत्व में पूर्व सांसद से भरतपुर स्थित आवास पर जाकर मिला ।

# ग्रेप-2 की पाबंदियां जारी, नगर निगम की रोड स्वीपर मशीन और एंटी स्मॉग गन ने किया छिड़काव

## नगर निगम ने अशोका टॉकीज के पास और स्वर्ग रोड पर जेसीबी से करवाई नाले की सफाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर और आसपास के इलाके में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को रोकने और ग्रेप-2 के दिशा निर्देशों की पालना के लिए नगर निगम की ओर से गुरूवार को एंटी स्मॉग गन और रोड स्वीपर मशीन से सफाई करवाई गई। इसके अलावा अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत शहर के अशोका टाकीज के समीप और स्वर्ग रोड के समीप स्थित नाले की सफाई करवाई गई। वहींए रीको की ओर से एमआईए क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए रीको की फायर बिग्रेड से सडक पर पानी का छिडकाव किया गया। इसके अलावा सडक के किनारे से मिट्टी भी हटवाई गई। शहर की साफ-सफाई और प्रदूषण के नियंत्रण के लिए नगर निगम की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे है। इससे शहर की सफाई की स्थिति अब पहले से बेहतर हो रही है। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण के क्रम में लगातार मॉनिटरिंग से हालात में सुधार है। नगर निगम की ओर से शहर के मूंग्सका रोड और ट्रांसपोर्ट रोड पर लगातार सफाई करवाई जा रही है। इसके साथ ही रोड स्वीपर और एंटी स्मॉग गन से छिडकाव किया जा रहा है। इसके अलावा उक्त दोनों रास्तों पर दिन के समय यातायात अधिक होने के कारण रात्रिकालीन सफाई करवाई जाती




है। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरूका ने बताया कि ग्रेप-2 के तहत मिलने वाले दिशानिर्देशों की अक्षरशरू पालना की जा रही है। साथ ही लगातार संसाधनों का उपयोग कर प्रदूषण कम करने के प्रयास किए जा रहे है। इसके अलावा अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत दो बडों नालों की जेसीबी से सफाई करवाई गई है। ताकि मौसमी बीमारियों से आमजन को बचाया जा सके।

# नपा पीछे हटी तो पार्षद ने उठाया बीड़ा, अपने वार्ड में खुद के खर्चे से लगवाई 75 तिरंगा रोड लाइटें

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)।** दिवाली पर वार्डों में उजाला रहे, इसके लिए बयाना नगरपालिका के वार्ड संख्या 23 के पार्षद नरेश बारैठा ने अनुकरणीय पहल की है। पार्षद ने अपने वार्ड की प्रमुख सड़कों पर निजी खर्चे से ट्यूबलाइट लगवाई हैं। ट्यूब लाइट तिरंगा कलर की लगवाई गई है। पार्षद की पहल की वार्डवासियों ने सराहना की है। पार्षद नरेश बारैठा ने बताया कि इस बार नपा प्रशासन द्वारा दिवाली पर नई लाइटें नहीं खरीदी गई हैं। नपा प्रशासन द्वारा बहानेबाजी की जा रही है। दिवाली पर वार्ड में पर्याप्त रोशनी हो, इसके लिए उन्होंने खुद के



खर्चे पर वार्ड की प्रमुख सड़कों पर 26 हजार की लागत से तिरंगा कलर की 75 टयूबलाइटें लगवाई गई हैं। पार्षद ने बताया कि इन ट्यूबलाइटों की गारंटी अवधि एक वर्ष है।

# सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए, भामाशाह का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में कृष्णा नगर स्थित निज निवास पर ईको रिसॉर्ट बन्ध बारैठा के डायरेक्टर व एए क्लास कॉन्ट्रैक्टर, भामाशाह रामेश्वर प्रसाद शर्मा का साफा, माला,पटका पहनाकर एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर इनकी पत्नी गीता शर्मा का भी शॉल, माला, पटका पहनाकर सम्मान किया गया ।श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि डायरेक्टर व भामाशाह रामेश्वर प्रसाद शर्मा का सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में भरतपुर में अविस्मरणीय योगदान दिया, साथ ही आमजन की भलाई के लिए भी, आपका अहम योगदान हमेशा बना रहता है । इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भामाशाह रामेश्वर प्रसाद शर्मा को भले कार्य करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की । भविष्य में ये और भी अधिक तरक्की करें, ऐसी हम ईश्वर से कामना करते हैं। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, डीओआईटी के अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक आलोक शर्मा, पूर्व विधायक प्रत्याशी तपन शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, सेवानिवृत्ति अमीन रामेश्वर शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी.देवकीनन्दन शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेशचन्द शर्मा जघीना, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे । समाजसेवी व भामाशाह रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

# बीसीएमओ ने किया चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. योगेश शुक्ल ने बल्लभगढ़ एवं निठार प्राथमिक स्वास्थ्य केदो का वाचन निरीक्षण किया ।

विभागीय योजनाएं टीकाकरण मौसमी बीमारी डिप्थीरिया एवं कोल्ड चैन प्वाइंट्स का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। मौसम परिवर्तन के कारण क्षेत्र में वायरल सहित विभिन्न प्रकार की मौसमी बीमारियां होने लगी है जिससे चिकित्सालय में रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यशाला का आआयोजन :** खंड मुक्त चिकित्सा अधिकारी द्वारा श्री गांधी ज्योति महिला शिक्षण संस्थान के उच्च माध्यमिक विद्यालय पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर योगेश शुक्ल द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन बालिकाओं में होने वाली प्राकृतिक बदलाव के साथ एनीमिया से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए वर्तमान में मौसमी बीमारियों से बचाव के साथ घरों के आसपास जल भराव की स्थिति से निपटने के उपाय बताते हुए अनेक जानकारियां दी।

## जाल साजी से अन्य के नाम पट्टा जारी करने का मामला आया सामने

# पीड़ित ने सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी पर छल व जलसाजी का आरोप लगाया

## पीड़ित को अपनी ही भूमि के फर्जी पट्टा बनाने की जानकारी मिली

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** उपखंड क्षेत्र मे नासिरदा ग्राम पंचायत के वर्तमान सरपंच व तात्कालिक ग्राम विकास अधिकारी के विरुद् फर्जी तरीके से पट्टा बना कर देने का मामला दर्ज हुआ है। सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। यहां रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले परिवादी ने नासिरदा पुलिस थाने में छल व जालसाज़ी के प्रयोजन से फ़र्ज़ी पट्टा बनाने का मामला दर्ज करवाते हुए पुलिस को मामले में परिवादी ओमप्रकाश लौहार निवासी नासिरदा ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच और विकास अधिकारी ने उसकी भूमि के नाम फ़र्ज़ी पट्टे जारी कर दिए हैं। ,सम्बन्ध मैं भूमि के मालिक ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत नासिरदा ने बीसलपुर विस्थापित कॉलोनी नासिरदा द्वितीय में भूखंड संख्या 89 का नियम विरूद्ध विक्रय विलेख जानबूझकर गलत बदनियती से किया और कूटरचित प्रलेखों को राजकार्य में उपयोग में लेते हुए व्यक्ति विशेष को जारी कर दिया है।

नियमानुसार पट्टा वास्तविक विस्थापित के जारी न होकर किसी अन्य व्यक्ति के नाम से पट्टा जारी हो गया है। पीड़ित ने इस सम्बन्ध में पूर्व में भी ज़िला कलक्टर को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया लेकिन पीड़ित को जिला कलेक्टर कार्यालय से कोई राहत नहीं मिल सकी तो वही पंचायत समिति देवली के अधिकारियों ने उक्त मामले में रिकॉर्ड नही होने का तर्क देकर आनन फ़ानन में मामले की जांच किए बिना ही मामले में पल्ला झाड़ने हुए फाइल बंद कर दी । यहां पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर 2023 को फ़र्ज़ी पट्टे का उपतहसील केन्द्र नासिरदा के उप पंजीयक द्वारा पट्टा पंजीकृत कर दिया गया है। इस पर थाना अधिकारी ने स्वयं उक्त प्रकरण मे जाँच करने की बात कह कर पीड़ित को आश्वासन किया है।

# पॉलीथिन का उपयोग हर हाल में बंद हो, यह मानव और गौमाता दोनों के लिए घातक, सभी पॉलीथिन का उपयोग बंद करने का लें संकल्प : मंत्री दिलावर

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), नरेगा, एमपीलेड, एमएलएलेड, स्वामित्व योजना, घुमंतू जातियों को पट्टा वितरण सहित कई योजनाओं की बारीकी से की समीक्षा

### शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री श्री मदन दिलावर ने देवगढ़ में ली समीक्षा बैठक

### भीम विधायक हरिसिंह रावत ने की विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा राजसमंद।** राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग—चाहे वह आर्थिक रूप से कमजोर हो, पिछड़ा हो, महिला हो, किसान हो या युवा—सभी के विकास और उत्थान के लिए बनाई गई हैं। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी को समान अवसर मिलें और कोई भी वर्ग विकास की मुख्यधारा से वंचित न रह सके, जिससे समग्र और समावेशी विकास संभव हो सके। ये बातें शिक्षा और पंचायतीराज विभाग मंत्री श्री मदन दिलावर ने राजसमंद जिले के देवगढ़ में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कही, वे यहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान भीम विधायक हरिसिंह रावत भी मौजूद रहे जिन्होंने विकास से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा की।इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री दिलावर ने घुमंतू जातियों को पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, और अन्य जनहितकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घुमंतू जातियों के जरूरतमंदों को समय पर पट्टे उपलब्ध कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है और सभी योजनाओं का ईमानदारी से क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पात्रता, स्वीकृत और पेंडिंग राशि, और एफटीओ की स्थिति पर भी जानकारी ली। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी स्वीकृत कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं ताकि जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके। मंत्री श्री मदन दिलावर ने राजसमंद जिले के देवगढ़ में आयोजित बैठक में प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही मंत्री ने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाते हुए कहा कि बच्चों को प्लास्टिक के टिफिन में भोजन देना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। मंत्री श्री मदन दिलावर ने राजसमंद जिले के देवगढ़ में नरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जॉब कार्ड की स्थिति, श्रमिकों के नियोजन, और 100 दिवस कार्य पूर्ण करने वाले परिवारों की स्थिति पर गहन चर्चा की गई। मंत्री ने नरेगा के तहत कार्यरत श्रमिकों को समुचित लाभ पहुंचाने पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों को समय पर वेतन मिले और उनके सभी अधिकारों की रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित करना और 100 दिनों का कार्य पूरा करने वाले परिवारों को उचित लाभ देना सरकार की प्राथमिकता है।शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने नरेगा योजना के तहत किए गए कुल व्यय की समीक्षा की, जिसमें अकुशल, अर्ध-कुशल और कुशल श्रमिकों को किए गए भुगतान की स्थिति पर विशेष ध्यान




दिया गया। बैठक में जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, समाजसेवी मान सिंह बारहठ, माधव जाट, देवगढ़ प्रधान कल्पना कंवर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसीईओ सुमन अजमेरा, सीडीईओ मुकुट बिहारी शर्मा सहित सभी विकास अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, सहायक विकास अधिकारी आदि मौजूद थे।

# जस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा,( नि.स. )।** दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को आदर्श विद्या मंदिर माहुपुरा रावतभाटा में जिला स्तरीय खेलकूद समारोह वनवासी कल्याण परिषद द्वारा संपन्न किया गया कार्यक्रम का उद्धघाटन वनवासी कल्याण परिषद के प्रांतीय नगरीय आयाम प्रमुख भवानी शंकर जी भाईसाहब, प्रांत शिक्षा आयाम प्रमुख रामलाल जी भाईसाहब, जिला संरक्षक महेंद्र हाडा एवं भैंसरोडगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता द्वारा किया गया ।उद्घाटन समारोह में भवानीशंकर जी द्वारा बताया गया कि वनवासी कल्याण परिषद द्वारा किस प्रकार से कार्य कर रहा है एवं परिषद द्वारा कौन-कौन से आयाम संचालित किये जा रहे हैं । भाईसाहब द्वारा वनवासी कल्याण परिषद के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। शिवाजी दल, राणा प्रताप दल, श्री राम दल एवं राणा पूंजा दल के मध्य मैच खेला गया जिसमें राणा प्रताप दल विजेता एवं राणा पूजा दाल उपविजेता रहा। खेलकूद समारोह का समापन दोपहर बाद आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कमलेन्द्र सिंह हाडा नगर पालिका प्रतिनिधि एवं किसान नेता रहे ।भवानी शंकर एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र हाड़ा रहे इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामलाल ने बताया कि



वनवासी कल्याण परिषद शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं खेल के माध्यम से वनवासी समाज एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है । प्रधान आरती बारेशा एवं प्रधान प्रतिनिधि कुशल बारेशा ने किया कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से तेज प्रकाश महावर, जिला संगठन मंत्री पहलवान भील,सुरेश चंद्र विजयवर्गीय, नंदकिशोर राठौर,वनवासी कल्याण आश्रम जिला अध्यक्ष महिला समिति लाल धाकड़ महिला जिला उपाध्यक्ष रजनी सेन एवं नगर कोषाध्यक्ष मोनिका नगर उपस्थिति रही मंच संचालन एडवोकेट राहुल जैन द्वारा किया गया ।निर्णायक मधुसूदन शर्मा जिला खेल संयोजक विद्या भारती , एडवोकेट राहुल जैन एवं वीरेंद्र सिंह रहे।

# चिकित्सा विभाग द्वारा निकुंभ और निम्बाहेड़ा में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अन्तर्गत औचक निरीक्षण कर लिये नमूने

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ,( नि.स. )।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं राज्य सरकार की निरन्तर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके इस हेतु मंगलवार को निकुंभ चौराया और निम्बाहेड़ा में जांच एवं निरीक्षण दल ने कार्यवाही की। जिला कलक्टर के निर्देश व अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचन्द गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम शर्मा की टीम ने खाद्य पदार्थो के प्रभावी नमूनीकरण एवं निरीक्षण हेतु दीपावली तक विशेष अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे निरन्तर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सर्व प्रथम निकुम चौराहे पर निरीक्षण कर मेसर्स संजय किराना, बसंत बाहर स्वीट्स, लक्ष्मी जोधपुर स्वीट्स





से क्रमस: बादाम, मावा पेड़ा, मलाई बर्फ़ी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार निम्बाहेड़ा शहर मे मेसर्स पवन एंड कपनी से देशी घी, शिवम ट्रेडिंग कंपनी से काजू, विष्णु नमकीन से नमकीन, बालाजी नमकीन/मदन सेव से नमकीन एवम बीकानेर मिष्ठान भंडार से फीका मावा ओर घी के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार लेकर राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाल भिजवा दिये गये है। जॉच रिपोर्ट आने के बाद जॉच रिपोर्ट अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। साथ ही उक्त फर्म के मालिकों को साफ सफाई व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों की पालना करने बाबत हिदायत दी गई एवं एफएसएसए एक्ट के तहत फूड लाईसेन्स डिस्पले करने हेतु पाबन्द किया गया। आने वाले दिनों मैं भी निरन्तर निम्बाहेड़ा में टीम द्वारा अन्य मिठाई व खाद्य प्रतिष्ठानो पर कार्यवाही की जावेगी। टीम मैं खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्यामलाल शर्मा सहयोगी , महेन्द्र सिंह, चम्पा लाल , शौकीन आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व भी निम्बाहेड़ा तहसील के बाड़ी गांव मे 19 अक्टूबर को विश्वकर्मा किराना से गुड़ एवं डागा नमकीन इंडस्ट्रीज एरिया निम्बाहेड़ा से हल्दी पाउडर व नमकीन का नमूना लिया गया था।

# भीलवाड़ा में 27वीं राजमेडिकोन 'उमंग' सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड( नि.स. )।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान की राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस 27वी राजमेडिकोन उमंग 26 व 27 अक्टूबर को होटल ग्लोरियाइन भीलवाड़ा में आयोजित होगी। कांफ्रेंस के सफल आयोजन के लिए डॉ दुष्यंत शर्मा चेयरमैन आयोजन समिति के नेतृत्व में विभित्न 25 समितियों का गठन किया गया है।

आईएमए भीलवाड़ा के अध्यक्ष डॉ. आर. एस. सोमानी के अनुसार अब तक कॉन्फ्रेंस में 525 प्रतिनिधियों ने रजिस्ट्रशन कराया है,ओर कॉक्रेस में करीब 700 प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है, जिसमें आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, कई जिलाध्यक्ष, और पूरे राजस्थान से आईएमए सदस्य भाग लेंगे ।आयोजन सविव डॉ फरियाद मोहम्मद ने बताया कि इस दो दिवसीय कांफ्रेंस में 26 तारीख को विभिन्न सत्रों में 31 विषयों पर राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं विषय-विशेषजों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे, तथा 27 तारीख को दोपहर तक कुल 10 विषयों पर व्याख्यान आयोजित होगा। डॉ सुनील मित्तल कार्डियोलॉजिस्ट साइंटिफिक सह प्रभारी के अनुसार,प्रमुख सत्र शामिल हैं। मेडिकल एथिक्स, स्वास्थ्य कर्मियो के विरुद्ध होने वाली हिंसा,बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन, आयुष्मान व अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाएं, मेडिकल लीगल केसेस सेवारत चिकित्सकों के विभिन्न मुद्दे, एनीमिया, युवा चिकित्सकों का मानसिक तनाव, अंगदान और अंग प्रत्यारोपण, स्वास्य क्षेत्र में अधिक निवेश की आवश्यकत, हेल्थ मेनिफेस्टो, विभिन्न कैंसर और डायबिटीज रोग शामिल हैं। इसमे डॉ. आर.वी.असोकन (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ रंवि वानखेडकर (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ मंगेश पाटे




(महाराष्ट्र), डॉ. अशोक शारदा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), डॉ राहुल कट्टा, डॉ, मंजू राठी, डॉ रोहित रेबेलो (गुजरात), डॉ. मनन सारूप्रिया गुजरात).डों देवेंद्र सरीन, डॉ.योगेश कुमार शर्मा, डॉ. एम के गुप्ता, डा. दिनेश शर्मा, डॉ. संजय गांधी सहित करीब 50 वक्ताओं द्वारा अपने अनुभव और नवीनतम जानकारी प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। रेजीडेंडेंट चिकित्सकों द्वारा श्व-क्क्षस्त्रश्वक्र प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की जाएगी। 26 अक्टूबर शनिवार को 4ञ्30 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर. वी. असोकन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करंगे और आईएमए की विभित्र गतिविधियों पर मीडिया के साथ जानकारी साझा करेंगे। उद्धाटन सत्र 26 अक्टूबर को शाम 5ञ्00 बजे होटल ग्लोरिया इन के मुख हॉल७ में आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. वी. असोकन और अंति विशिष्ट अतिथि दामोदर अग्रवाल, सांसद, भीलवाड़ा होंगे। इस अवसर पर राजस्थान आईएमए के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को स्टेट प्रेसिडेट अप्रिसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया के जन्मदिन पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( शुभम तिवाड़ी )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया के जन्मदिन के उपलक्ष में बुधवार को गांव जटनगला में भाजपा मंडल अध्यक्ष चरण सिंह सोलंकी व राजस्थान जाट महासभा के जिला अध्यक्ष विजय सिंह डागुर के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के साथ ही 101 कन्याओं का सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणसिंह सोलंकी ने बताया कि सतीश



पूनिया राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के लिए राजस्थान में अपनी पहचान रखते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष चरण सिंह सोलंकी राजस्थान जाट महासभा के जिला अध्यक्ष विजय सिंह डागुर,भाजपा के जिला मंत्री सतपाल चौधरी,जाट समाज युवा 84 के अध्यक्ष योगेश शास्त्री,भाजपा नेता उधम सिंह डागुर भाजपा नेता पिंटू सोलंकी,रामचरण,भरत सिंह ढिंढोरा,कामराज शेरपुर सहित रक्तदाता समाज ब पार्टी के नेता मौजूद रहे।

# डीआरएम ने कोटा-रूठियाई खण्ड पर विन्डो ट्रेलिंग एवं संरक्षा निरीक्षण किया

## बारां एवं छबरा गुगोर रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मंडल के 17 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का नियमित निरीक्षण मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा किया जा रहा है। जिससे कार्य गुणवत्तायुक्त तीव्र गति से पूर्ण किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 24 अक्टूबर को डीआरएम ने कोटा-रूठियाई खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डीआरएम ने मुख्य रूप से उक्त खण्ड पर संरक्षा पहलुओ एवं स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्य का गहन अवलोकन किया। डीआरएम के साथ निरीक्षण में संबंधित विभाग के शाखा अधिकारी तथा पर्यवेक्षक मौजूद रहे। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया। डीआरआर ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस खण्ड के बारां एवं छबड़ा गुगोर चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। बारां स्टेशन का 21.55 करोड़ एवं छबड़ा गुगोर 19.01 करोड़ की लागत उन्नयन कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में बारां एवं छबड़ा गुगोर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 65 फीसदी तक पूरा हो गया है। इसके अतिरिक्त डीआरएम



ने उक्त खण्ड के बिजोंरा, सालपुरा, पिपलौद रोड़ स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, सुन्दलक में गुड्स लोडिंग लाइन का निरीक्षण, ट्रेन संचालन से जुड़े स्टेशन मास्टर के पैनल, समपार फाटक पर संरक्षा मानकों का अवलोकन किया। इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (सामान्य) धर्मेन्द्र कस्तवार एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्टेशनों एवं ट्रेनों में ज्वलनशील एवं विस्फोटक सामग्रियों की सघन जाँच

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मंडल में आगामी दीवाली एवं छठ पूजा के त्यौहारों के मद्देनजर यात्रियों की संरक्षित एवं सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुये ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर सुद्रढ़ और सख्त सुरक्षा व्यवस्था की है। मुख्य स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल के अतिरिक्त जवानो की तैनाती की गयी है। ट्रेनों में आरपीएफ द्वारा स्कार्टिंग की जा रही है। कोटा में बैग स्कैनर से प्लेटफ़ॉर्म पर आने-जाने वाले यात्रियों के बैगों की जाँच की जा रही है। आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम



ट्रेनों और स्टेशनों पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चौबीस घंटे गश्त कर रही हैं। स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लगातार मॉनेटरिंग करते हुये संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी की जा रही है। रेल सुरक्षा बल द्वारा डॉग स्कवॉड एवं मेटल डिटेक्टर के माध्यम से भी स्टेशनों पर चेकिंग की जा रही है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि ज्वलनशील एवं विस्फोटक समाग्री लेकर यात्रा न करें एवं कोई भी संदिग्ध वस्तु दिखाई दे तो ऑनड्यूटी कर्मचारियों को सूचित करें।

# नवनियुक्त डीएसपी ने किए पार्श्‌वनाथ के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल कस्बे के विश्व प्रसिद्ध नागेश्वर जैन मंदिर में गुरुवार को गंगधार के नए डीएसपी जयप्रकाश अटल ने पहुंचकर यह स्थिति भगवान नागेश्वर पार्श्‌वनाथ



के दर्शन कर पूजा अर्चना की व तीर्थ का अवलोकन किया। नए डीएसपी का प्रथम बार नागेश्वर तीर्थ पहुंचने पर नागेश्वर तीर्थ पेढ़ी द्वारा डीएसपी का शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर थानाधिकारी बाबू लाल, मीणा, सोनू जैन आदि मौजूद थे।

# नालसा एसओपी मे जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करे- जिला जज सतीश चंद

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** प्रिजन लीगल एड क्लीनिक पर कार्यरत स्टॉफ के लिए एसओपी 2022 के बिन्दु 3.3 मे वर्णित अनुसार को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सतीश चंद द्वारा ओरिएंटेशन ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ 24 अक्टूबर शुक्रवार को जेल धौलपुर मे दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में चीफ एलएडीसी अमित कमठान, डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार, कु0 मीता अग्रवाल, कु0 आराधना शर्मा न्याय रक्षक एवं अधिकार मित्र इंदेश शर्मा, सजायाफ्ता बंदी



एसवीर को ट्रेनिंग दी गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा उपस्थित न्याय रक्षक एवं अधिकार मित्र को जेल मुलाकात के दौरान सामान्य क्या करें और क्या न करें, विचाराधीन समीक्षा समितियों का कामकाज आदि के बारे मे विस्तार से बताया। इसी प्रकार जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा द्वारा उपस्थित न्याय रक्षक एवं अधिकार मित्र को जेल प्रशासन का अवलोकन और विभिन्न स्तरों पर जेल कर्मियों की भूमिका, जेल की आबादी के बारे में जानकारी – स्वीकृत क्षमता बनाम वास्तविक जेल जनसंख्या, संबंधित जेल में बंद कैदियों की श्रेणियां और जेल की आबादी की जनसांख्यिकी, ई-जेल पोर्टल और अन्य डिजिटल सुविधा पोर्टल आदि के बारे मे विस्तार से बताया। विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जिला रेखा यादव द्वारा उपस्थित न्याय रक्षक एवं अधिकार मित्र को कानूनी सहायता प्रणाली और शिकायत निवारण पोर्टल, नालसा मोबाइल ऐप और ई-कोर्ट सेवा पोर्टल, सौंपे जाने वाले किसी अन्य कार्य के बारे में जानकारी, जेल दौरों की आवृत्ति और जेल दौरों के दौरान कवर किए जाने वाले क्षेत्र, कानूनी सहायता की आवश्यकता वाले कैदियों या विचाराधीन और दोषियों की विशेष जरूरतों वाले कानूनी सहायता की पहचान करने सहित आदि के बारे मे विस्तार से बताया और न्याय रक्षक एवं अधिकार मित्र द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न को सुना और उनके उत्तर दिये गये और धन्यवाद ज्ञापित कर ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष द्वारा जिला कारागृह धौलपुर एवं प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लीगल एड क्लीनिक द्वारा संधारित रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर का शिक्षक सम्मलेन शुक्रवार से बाड़ी में

### शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ पर होगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ का दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन कल शुक्रवार से शहर के अंबेडकर भवन लालजीत कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। शिक्षक सम्मेलन की तैयारी को लेकर शहर के अंबेडकर पार्क में एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें तमाम तैयारियां पर चर्चा की गई।

राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के जिला संयोजक मोहर सिंह बौद्ध ने बताया की दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन बाड़ी की लालजीत कॉलोनी में अंबेडकर भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग गणेश धाकरे सम्मेलन में शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साक्षरता प्रकोष्ठ के अधिकारी वीरसिंह,बाड़ी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा,शिक्षक संघ के संरक्षक सूरजमल और बाड़ी पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होतम सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के जिला संयोजक मोहर सिंह बौद्ध ने बताया कि इस सम्मेलन में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे वेतन,प्रमोशन,सेवा शर्त,प्रशिक्षण आदि पर विचार विमर्श किया जाएगा और समस्याओं का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा।

## परिवहन निगम ने 12 कंडक्टरों को किया निलंबित: धौलपुर के 3 कंडक्टर भी शामिल, बिना टिकट करा रहे थे यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने एक आदेश जारी कर राज्य के अलग-अलग जिलों के 12 रोडवेज बस कंडक्टरों को निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए कंडक्टरों में धौलपुर जिले के तीन कंडक्टर शामिल हैं। जिन पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉक्टर ज्योति चौहान द्वारा जारी किए गए आदेशों में बताया गया है कि वाहनों की निरीक्षण के दौरान राजस्थान राज्य के 12 कंडक्टरों के खिलाफ बिना टिकट यात्रा कराने के मामले को गंभीरता से लिया गया है। कार्रवाई के तौर पर 12 कंडक्टरों को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं। इनमें 3 कंडक्टर धौलपुर जिले के हैं। जिन्हें निलंबित करने के बाद उनका मुख्यालय अलग-अलग किया गया है। राजस्थान पथ परिवहन निगम द्वारा बिना टिकट यात्रा कराए जाने पर धौलपुर जिले के कंडक्टर लीलाधर शर्मा को निलंबित कर उनका मुख्यालय अलवर किया गया है। वहीं, बिना टिकट यात्रा कराए जाने पर पकड़ेगए धौलपुर जिले के कंडक्टर मुनेश कुमार शर्मा को निलंबित कर मुख्यालय करौली और कंडक्टर अनिल कुमार को निलंबित कर उनका मुख्यालय दौसा किया गया है।

## कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज,पुलिस कर रही मामले की जाँच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के मलक पाड़ा मोहल्ले में एक घर में हमला करने और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। जिसमे आरोपियों ने धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया है। पीड़ित परिवार का मुखिया घटना के वक्त आगरा किसी काम से गया था। ऐसे में घर मे मौजूद महिलाएं भयभीत हो गई। घटना के बाद पीड़ित को सूचना मिलने पर आगरा से आकर कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के मलक पाड़ा निवासी पीड़ित दिलीप कुमार पुत्र भीकमचंद वैश्य ने बताया कि वह अपने कपड़े के कारोबार के सिलसिले में बुधवार को सुबह आगरा गया था। दिन में करीब 12 से 01 बजे के बीच उसको फोन पर उसकी पत्नी विमलेश और मां मुन्नी देवी ने बताया की मलक पाड़ा निवासी कुछ युवक घर के बाहर गाली गलौज कर रहे हैं। जो हाथ में हथोड़ा,लाठी और धुरा लेकर है। जब उन्होंने घर के मुख्य दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया तो तोड़फोड़ करने लगे। जिसको लेकर उसने अपने पड़ोसियों को फोन लगाया तब तक आरोपी भाग गए। इस दौरान आरोपियों ने उनके घर के दरवाजे के ऊपर लगी हनुमान जी की प्रतिमा को भी खंडित कर दिया साथ में खिड़की के शीशे तोड़ दिए और चबूतरी के पत्थर की भी तोड़फोड़ की साथ में संबर पंप के तार को भी काट दिया। घटना के बाद जब वह शाम आगरा से लौटकर आया और पूरे मामले की जानकारी की तो आरोपियों के घर जाकर समझाइश करने की भी कोशिश की तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। ऐसे में पीड़ित दिलीप कुमार पुत्र भीकम चंद्र वैश्य ने मोहल्ले के ही आरोपी अल्लू,तारिफ आरिफ और सादिक के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। कोतवाली थानाधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि मलक पाड़ा निवासी पीड़ित दिलीप कुमार द्वारा पुलिस थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी है। जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (4),302,352 और 3(5) में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## डांग क्षेत्र में बेटे के साथ बाइक से जा रही बुजुर्ग महिला पर पैंथर का हमला

### घायल महिला और बेटे को परिजनों ने कराया अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र में डांग इलाके में बुधवार की रात सिकर्रा गांव के पास बाइक से गांव जा रहे बुजुर्ग महिला और उसके पुत्र पर पेंथर द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में घायल महिला और उसके पुत्र को परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं घटना से ग्रामीणों में वह भय व्याप्त है। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में महिला और उसके पुत्र का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार सोने का गुर्जा गांव निवासी रामवकील पुत्र हरिसिंह गुर्जर अपनी मां रामभूली के साथ बाड़ी से बुधवार को रात करीब 8 बजे अपने गांव सोने का गुर्जा बाइक से जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह डांग में बाबू महाराज मंदिर से आगे निकले और सिकर्रा गांव के पास पहुंचे अचानक खाई में से निकलकर पेंथर ने हमला कर दिया। हमले के दौरान बाइक गिर गई और दोनों मा-बेटे सड़क पर आ गिरे। गनीमत यह रही की पेंथर इस दौरान बाइक गिरने की आवाज सुनकर भाग गया। घटना के बाद पीड़ित युवक ने परिजनों को मोबाइल से घटना की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों के आने पर घायल 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामभूली और उसके पुत्र को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

### डांग क्षेत्र में बढ़ रहा है टाइगर का कुनबा

धौलपुर के डांग क्षेत्र में लगातार टाइगर का कुनबा बढ़ रहा है। तीन शावक और दो टाइगर क्षेत्र में गतिविधि बनाए हुए हैं। जिनकी लोकेशन सरमथुरा से झिरी वन क्षेत्र तक है लेकिन अभी तक बाड़ी उपखंड के डांग क्षेत्र में इनकी मूवमेंट नहीं थी। पहली बार ग्रामीणों पर हमला हुआ है।

## गुहेरा नाला श्मशान घाट को विकास की दरकार, सौ वर्ष बाद भी ना रास्ता सुगम न छाया,पानी

### अंतिम यात्रा पर आने वाले लोग नाले में होकर निकालते है मुर्दे को लेकर, सात वार्डो के लोग कई बार कर चुके है प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के धनोरा रोड पर करीब 100 वर्ष पुराना शहर का सबसे पुराना गुहेरा नाला शमशान घाट है। जिसके विकास की आज भी दरकार है। शहर के सात वार्डो के लोग यहां ही अंतिम सफर तय करते हैं। नाले में से होकर ही उनकी अंतिम यात्रा अपने मुकाम पर पहुंचती है। जिसको लेकर वार्ड पार्षद सहित सातों वार्डों के लोग कई बार स्थानीय प्रशासन को और राजनेताओं को अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पूर्व वार्ड पार्षद हरिसिंह पहाड़ियों ने बताया की धनोरा रोड पर कटे वाले हनुमान जी को जाने वाले रास्ते पर गुहेरा नाले के सहारे यह शमशान घाट सरकारी भूमि में बना है। जो शहर का सबसे पुराना है लेकिन जिन वार्डो के लोग इस शमशान घाट में जलाए जाते हैं जहां उनका अंतिम संस्कार होता है वे वार्ड गरीब तबके से जुड़े हैं। ऐसे में वार्ड के लोगों के तमाम प्रयास के बाद भी इस श्मशान घाट को विकास का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। इस श्मशान घाट में बैठने के लिए ना तो कोई कमरा है ना ही मुर्दों को जलाने के लिए कोई टीनशेड या प्लेटफार्म। ऐसे में जमीन पर लकड़ी लगाकर ही चिता बनाई जाती है। पूर्व वार्ड पार्षद मंगल सिंह कुशवाहा ने बताया की इस शमशान घाट से शहर के वार्ड नंबर 34,35,36,37,38,39,40 और 41 वार्डों के लोग जुड़े हुए हैं। जिनके यहां बड़े बुजुर्ग के निधन पर यह किसी की अकाल मौत होने पर मृतक के अंतिम संस्कार को इसी शमशान घाट में किया जाता है।

जिसमें ना तो पूरी चार दिवारी है ना ही कोई गेट। यहां तक कि लकड़ी ओर कंडे रखने की भी कोई व्यवस्था नही है। ऐसे में रात्रि होने पर यदि किसी को अंतिम संस्कार के लिए लाया जाए तो और परेशानी बढ़ जाती है। श्मशान घाट के लिए जो रास्ता है वह कच्चा पक्का है जो बीच गुहेरा नाले में से होकर आता है। ऐसे में पार्षद हजारीलाल, अरविंद कुमार कुशवाहा, सुखबीर वाल्मीकि, नरेश कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, वीरी सिंह जाटव, तेजेंद्र सिंह, विजय सिंह, केदार, जसवंत कुशवाह, हरिदेव शर्मा ने प्रशासन, विधायक और सांसद से गुहेरा नाला धनोरा रोड़ शमशान घाट के विकास की मांग की है।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान, मावा,मिल्क के लिए नमूने



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने गुरुवार को बसेड़ी में कार्यवाही करते हुए परसे का पूरा स्थित रामलखन कुशवाह के मावा प्लांट से तीन नमूने मावे व एक नमूना मिल्क केक का लिया गया। साथ ही बसेड़ी स्थित वैष्णो मिष्टान्न भंडार से एक नमूना बेसन लड्डू का लिया। खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## दीपावली त्योहार को लेकर रेलवे ने चलाई 80 स्पेशल ट्रेन:30 नवंबर तक होगा संचालन, धौलपुर स्टेशन से होकर गुजरेंगी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** दीपावली और छठ पूजा पर बढ़ते यात्री भार को देखते हुए रेलवे के आगरा मंडल की ओर से 80 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 1 अक्टूबर से शुरू हुई स्पेशल ट्रेन 30 नवंबर तक चलाई जाएगी। जिससे यात्रियों की आवाजाही सुगम हो सके। त्योहारों को देखते हुए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनों का संचालन एक अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जा रहा है। हर साल त्योहारों के मौके पर रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस साल इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। दीपावली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस साल भी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिससे बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था। हर साल दीपावली और छठ पूजा के मौके पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार ना केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं।

## जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आज नई शिक्षा नीति, शैक्षिक उन्नयन शिक्षा में नवाचार शिक्षक समस्याओं पर होगा मंथन

### उद्घाटन सत्र में सेवानिवृत हुए शिक्षकों का भी किया जाएगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से शिक्षकों के जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन का आयोजन शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित जैन सेवा सदन में 11 बजे से किया जायेगा । संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने बताया कि शैक्षिक सम्मेलन के दौरान शिक्षकों की स्थाई स्थानांतरण नीति बनाने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्ग के शिक्षकों के प्रतिवर्ष ग्रीष्म अवकाश में स्थानांतरण करने, शिक्षकों की चार सत्रों से लंबित पदोन्नतियां प्रारंभ करने, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को बीएलओ सहित सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से पूरी तरीके से मुक्त करने, जिले के नई भर्ती के शिक्षकों के रुके हुए स्थाईकरण आदेश जारी करने ,मिड डे मील की समय पर राशि जारी करने ,नई शिक्षा नीति, शैक्षिक उन्नयन, शिक्षा में नवाचार लाने की कार्य योजना के साथ वर्तमान परीक्षा प्रणाली में सुधार करने तथा शिक्षक शिक्षार्थियों की समस्याओं पर मंथन कर शिक्षा विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किए जाएंगे। शैक्षिक सम्मेलन के प्रभावी आयोजन हेतु गुरुवार को संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें शैक्षिक सम्मेलन के तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आयोजन हेतु पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गईं। जिला मंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि शैक्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इस सत्र में सेवानिवृत हुए शिक्षकों सहित संगठन के जल मंदिर संचालन में सहयोग करने वाले शिक्षकों का अभिनंदन किया जायेगा । बैठक में नंदकिशोर लोधी, अनिल शर्मा ,आमोद श्रीवास्तव, भानु प्रताप परमार , अनिल मिश्रा, दिनेश शर्मा , लोकेंद्र गर्ग, मोनू रजक, राजेश कुमार शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मोनू त्यागी, कुलदीप शर्मा, विष्णु शर्मा, दिनेश शर्मा सहित कई मौजूद थे।

## राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट द्वारा बाड़ी के व्यवसाई मोनू जगरिया को किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट 2024卐 के तत्वावधान में प्रदेश के विकासपुरुष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से पाली जिले में 5 करोड़ रुपए के निवेश एवं लगभग 45 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोज़गार का एमओयू समिट के मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी झाबर सिंह खर्रा मंत्री नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के कर कमलों से संपादित किया।

सांसद पीपी चौधरी जी द्वारा शॉल भेंटकर जो उत्साहवर्धन किया गया वह अविस्मरणीय है।

उद्योगपतियों सहित पाली सांसद पीपी चौधरी ,बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, जोराराम जी कुमावत मंत्री राजस्थान सरकार, पुष्प जैन पूर्व सांसद पाली, घनश्याम ओझा चेयरमैन लघु उद्योग भारती, लक्ष्मीनारायण मंत्री, ज़िला कलेक्टर पाली, चूनाराम जाट पुलिस अधीक्षक पाली की उपस्थिति में सभी बड़े एवं हम मंझोले निवेशकों के लिए गौरवपूर्ण क्षण का अनुभव प्रदान कर रही थी।

सभी निवेशकों ने भजनलाल सरकार पर अपना अटूट विश्वास जताते हुए प्रदेश के विकास में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने हेतु प्रतिबद्धता दर्शाई । इस मौके पर बाड़ी के व्यवसाई शशांक जगरिया, मोनू को मंच से सम्मानित किया। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों ने मोनू जगरिया को बधाई प्रेषित की हैं।

## विधायक डॉ. गर्ग दो दिवसीय दौरे पर ,दिल्ली केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर कौशल विकास को लेकर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( नि.स. )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशिलता राज्यमंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। डॉ. गर्ग ने दिल्ली दौरे के दौरान केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर भरतपुर में कौशल विकास की संभावनाओं को लेकर चर्चा की साथ ही अगले महीने भरतपुर में कौशल विकास को लेकर लगाये जाने वाले प्रस्तावित कौशल मेला को लेकर विचार विमर्श किया। गौरतलब है कि भरतपुर में संभाग स्तर का नवम्बर माह में कौशल विकास मेला लगाया जाना प्रस्तावित है।

इस मेले के जरिये युवाओं को रोजगारपरक जानकारी दी जायेगी और युवाओं को रोजगार से जोडा जायेगा। मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारी भी जुटे हुये हैं।

# बिलेंडी में 30 हजार का लहसुन चुरा लेगए चोर

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा ( नि.स. )।** उपखण्ड के ग्राम बिलेंडी में बुधवार की रात को एक घर के आंगन में रखे हुए लहसुन के बीज के कट्टो में से 3 कट्टे लहसुन अज्ञात चोर चुरा ले गए। करीबन 1 क्विंटल लहसुन बीज की चोरी की गई है इसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई है। पीड़ित राजेंद्र महेरा ने बताया कि उसके घर पर आंगन में यह लहसुन रखा हुआ था इन कट्टो में से 3 कट्टे लहसुन चुरा ले गए। पीड़ित ने सारथल थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है। ग्रामीणों का कहना है पुलिस की माकूल गश्त व्यवस्था नहीं होने से चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं।

# पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की शिवम ग्रीन कॉलोनी में पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। प्रताप नगर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि बावला, मध्यप्रदेश निवासी वीरेंद्र (46) पुत्र घनश्याम पारीक पिछले 10 सालों से पत्नी टीना के साथ शिवम ग्रीन कॉलोनी में रहकर व्यवसाय कर रहा था। वीरेंद्र का 10 साल का एक बेटा पार्थ भी है। वीरेंद्र ने यहां शिवम ग्रीन कॉलोनी में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना को लेकर मृतक के भाई रिषी कुमार ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके छोटे भाई वीरेंद्र ने 23 अक्टूबर को उसको फोन किया कि यहां हमारे माथा-फोड़ी हो रही है। इस पर परिवादी रिषी ने उससे कहा कि वह भीलवाड़ा आ रहा है, शांति रखना। गुरुवार सुबह भीलवाड़ा आने का प्रोग्राम बना रहा था, तभी वीरेंद्र की पत्नी टीना ने रिषी को कॉल किया कि पार्थ के पापा नहीं रहे हैं। पुलिस ने वीरेंद्र का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है।

# डीआरएम मनीष तिवारी ने छबड़ा गुगोर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा ( नि.स. )।** कोटा डीआरएम मनीष तिवारी ने गुरुवार को छबड़ा गुगोर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।सूत्रों के अनुसार तिवारी स्पेशल ट्रेन से छबड़ा गुगोर रेलवे स्टेशन पर पहुचे उनके साथ रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों का बड़ा काफिला शामिल था।तिवारी ने काफिले के साथ रेलवे प्लेट फार्म सहित यहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का बारीकी से जायज़ा लिया व कार्यों की गुणवत्ता को लेकर निर्देश दिए।वहीं समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पत्रकार की गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 10 वर्ष की सजा,10 हजार का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा ( मुख्तार अहमद खान )।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अविनाश चौधरी ने बुधवार को एक दस साल पुराने प्रकरण का फैसला सुनाते हुए एक पत्रकार की गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है एवं दस हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया हैं। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट अमृतलाल लोधा के अनुसार अब्दुल सईद पुत्र सुल्तान खां निवासी सारथल द्वारा पीएचसी कैम्प हरनावदाशाहजी में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 26 नवम्बर 2013 मंगलवार को दोपहर दो बजे उसका भाई अय्यूब खां पुत्र सुल्तान खां (दैनिक भास्कर संवाददाता) स्वयं की बाईक से घर से खेत की तरफ जा रहा था कि सावंतसिंह देवता के पास डोबरा कच्चे रास्ते पर सामने से आए अज्ञात बिना नम्बरी डम्पर चालक ने डम्पर को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए जान से मारने की नियत से उसके भाई अय्यूब को टक्कर मार दी। जिससे अय्यूब की मौके पर ही मृत्यु हो गई। डम्पर हाईवे पर सड़क का कार्य करने वाले ठेकेदार का बताया। ठेकेदार व मृतक उसके भाई के बीच अवैध खनन को लेकर पिछले दिनो कहासुनी हुई थी। बाद में ठेकेदार ने दो पुत्रो मंजूर खां और फैजल खां को भी बोलेरो गाड़ी से कुचलने की कोशिश की। उक्त मामले की रिपोर्ट हरनावदाशाहजी थाने में दर्ज करवाई थी। इस मामले का बुधवार को एडीजे चौधरी ने निस्तारण करते हुए मुलजिम श्योजीलाल किराड़ उर्फ शोजी पुत्र गोपाल निवासी रूणिजा थाना डबलाना जिला बूंदी को दोषी मानते हुए उक्त सजा सुनाई।

# प्रसूति नियोजन दिवस व एमसीएचएन डे का हुआ आयोजन

**सीएमएचओ डॉ0 गोस्वामी ने चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर दिये, जिले की गर्भवती महिलाओं को अधिकाधिक संख्या में लाभ पहुंचाने के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** प्रत्येक माह के चौथे गुरूवार को मनाए जाने वाले प्रसूति नियोजन दिवस के दौरान चिकित्सकों द्वारा सुरक्षित प्रसव के लिए प्रभावी प्रसव योजना बनाकर प्रसूता परिजनों को सूचित करने तथा जिले की प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसूति नियोजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुवाणा व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सांगानेर में आयोजित एमसीएचएन दिवस का तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र, कोदूकोटा में प्रसूति नियोजन दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ0 सीपी गोस्वामी ने चिकित्सा संस्थानों की साफ-सफाई का निरीक्षण कर आमजन को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेकर अधिकाधिक जरूरतमंद लोगों व गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों व कार्मिकों को दिये। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक योगेश वैष्णव उपस्थित रहे।

# राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टर समिट का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर समिट-2024 के तहत बूंदी जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिला स्तरीय समिट में 76 औद्योगिक इकाईयों के साथ 4 हजार 40 करोड़ रूपए से अधिक राशि के एम.ओ.यू. हुए। इससे जिले में 9 हजार से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में बूंदी जिला प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा के समक्ष इन्वेस्टरों ने एम.ओ.यू.किए। इस दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, बूंदी नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, लघु उद्योग भारत अध्यक्ष सत्यनारायण माहेश्वरी, श्री चावल उद्योग संघ अध्यक्ष नीरज गोयल, फ्रोटी अध्यक्ष द्वारका मंत्री मौजूद रहे। जिला प्रभारी सचिव कुंजी लाल मीणा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से प्रदेश में निवेशकों को प्रोत्साहन देना अत्यंत सराहनीय कदम है। इससे न केवल आर्थिक विकास होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को सुगम बनाने के लिए सरकार नियमों का सरलीकरण कर रही है और निवेशकों से नियमित संवाद बनाए रखने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बूंदी चावल के प्रसिद्ध है इसकी महक विदेशों तक पहुंचे। एग्रोप्रोसर यूनिट लगाकर अन्य राज्यों में भी बूंदी के चावल की पहुंच बने, इसके प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार के स्तर पर निवेशकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। सरकार इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर गंभीर है। उद्योगों की स्थापना से बेरोजगारी समाधान सुनिश्चित होगा। हिण्डोली का पत्थर विदेशों तक जाता है। जिले के पत्थर उद्योग को बढावा मिले। उन्होंने कहा कि होटल एमओयू होने के बाद कन्वर्जन में किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सिंगल विंडो के माध्यम से इस कार्य को पूरा करवाया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा उद्यमी आएं और जिले के विकास में भागीदार बनें। उद्योग प्रगति की निशानी होते है। रामगढ विषधारी वन्य जीव अभ्यारण्य से पर्यटन विकास को पंख लगेंगे और होटल टूरिज्म क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। दिल्ली-मुंबई कोरिडोर बूंदी जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कॉरिडोर बनने से विदेशों तक बूंदी से सीधा जुडाव हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि बून्दी में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हुए 76 एमओयू के द्वारा 4 हजार करोड से अधिक का निवेश होगा और जिले में 9 हजार लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर नए रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## विभिन्न स्टॉल्स का किया अवलोकन, स्थानीय उत्पादों को सराहा

इन्वेस्टर मीट से पहले कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों तथा स्थानीय उद्यमियों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्टॉल्स का प्रभारी सचिव, बूंदी विधायक, जिला कलेक्टर, नगर परिषद सभापति, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल द्वारा अवलोकन किया गया। जिला प्रभारी सचिव ने स्थानीय उत्पादों की बारीकी से जानकारी ली व इनको सराहा । कार्यक्रम में हाडौती पर्यटन को लेकर तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन कर किया गया । साथ ही सभी अतिथियों का साफा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय भारद्वाज ने जिले में उद्योगों की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

## ये हुए एमओयू

कार्यक्रम में कृषि, ऊर्जा, माईनिंग, केमिकल उत्पादन, होटल, शिक्षा, पेय पदार्थ सहित विभिन्न व्यावसायों के लिए एमओयू साइन किए गए। बूंदी जिले में सबसे बड़ा निवेश कंधारी ग्लोबल बेवरेज प्राईवेट लि. द्वारा एक हजार करोड़ का किया गया। इसके अतिरिक्त गोपाल स्पिरिट एण्ड बेवरेज प्राईवेट लि. द्वारा 437 .66 करोड़ निवेश का एमओयू किया गया इसके अतिरिक्त सिम्फोनिया होस्पिटलेटी प्रा. लि. द्वारा 320 करोड, एथन बायो फयूल प्रा .लि. द्वारा 250 करोड, ग्लेनस्काइ स्परिट प्रा .लि. द्वारा 200 .06 करोड, ओएसिस ग्रीन फयूल, प्रा .लि. द्वारा 200 करोड, पिंक एण्ड परपल मार्थ रिसोर्ट द्वारा 180 करोड, एटीवीओ एग्रोकेम लिमिटेड द्वारा 166 करोड, श्री बालकृष्णलाल बायो एनर्जी प्रा .लि. द्वारा 163 करोड, आयुषी आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा 146 करोड, सत्यनारायण माहेश्वरी द्वारा 135 करोड, एमएम मुकुंदरा इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. द्वारा 110 करोड समाजसेवी अक्षय हाडा द्वारा भी 300 करोड़ के निवेश सहित 75 एमओयू साइन किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश गुप्ता, अरबन कॉपरेटिव बैंक चेयरमे सत्येश शर्मा, पार्षद मुकेश माधवानी सहित बड़ी संख्या में उद्योगों के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रभारी सचिव ने निंबाहेड़ा में ली अधिकारियों की बैठक

## विभागवार कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा, त्योहारों के मद्देनजर चलाएं संयुक्त जांच अभियान - प्रभारी सचिव

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जिले के प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरू ने आज निंबाहेड़ा पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभागवार चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की तथा बजट घोषणाओं की समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में सप्लाई हो रहे मावे एवं उससे निर्मित मिठाई सहित खाद्य पदार्थों की पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त जांच टीम द्वारा जांच करने एवं इस संबंध में अभियान चलाने के निर्देश भी दिए । उन्होंने राजकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि जिले में चारागाह भूमि, आम रास्तों सहित सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें एवं इसके लिए अभियान चलाने के निर्देश भी बैठक में दिए। प्रभारी सचिव ने बैठक में जिले में चलाए जा रहे जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चलाए जा रहे वृहद प्रोजेक्ट की समीक्षा की। उन्होंने चंबल परियोजना फेज प्रथम एवं द्वितीय तथा ज़ाखम परियोजना की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सड़क मरम्मत में गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिए। बैठक में बिजली विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी दी गई। प्रभारी सचिव ने अधीक्षण अभियंता से कहा कि वह ट्रांसफर मरम्मत एवं बदलने की कार्रवाई शीघ्र करें। उन्होंने सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक उपाय करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को उर्वरकों की जांच करने एवं एसएसपी के उपयोग के संबंध में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए । उन्होंने मनरेगा पौधारोपण प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की बैठक में की। प्रभारी अधिकारी ने बैठक में बजट घोषणाओं के लिए आवश्यक भूमि चिन्हीकरण और आवंटन की समीक्षा भी बैठक में की। बैठक में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जिले में किए जा रहे नवाचारों सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने आशान्वित ब्लाक कार्यक्रम निंबाहेड़ा की स्थिति से भी प्रभारी सचिव को अवगत करवाया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, एसीईओ राकेश पुरोहित, एसीईओ विशाल सीपा, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, सीएमएचओ डॉ ताराचंद गुप्ता, आयुक्त रविन्द्र यादव, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान शंकर लाल जाट, एवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता एस के सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अशीन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैक से फर्जी नोड्यूज बनाकर उनकी जमीन रहन मुक्त करवाने वाला गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र में किसानों को बैक से फर्जी नोड्यूज बनाकर उनकी जमीन रहन मुक्त करवाने वाला धोखाधड़ी का 2 साल से फरार वाछिंत आरोपी केसर सिंह को को गंगधार पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया की किसानों द्वारा बैंक के दलाल से मिलकर दलाल से रहना शुदा जमीन का फर्जी नोड्यूज बनाकर अपनी रहनशुदा जमीन को बैंक से रहन मुक्त करवा लिया था। जिस पर 3 मार्च 2022को बैंक मैनेजर जगदीश प्रसाद मोदनी ने रिपोर्ट पेश की थी। जिसमें गंगधार पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था।

झालावाड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा ने निर्देशन में गंगधार पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल के सुपरविजन में थाना अधिकारी अमरनाथ जोगी के नेतृत्व मै बुधवार को फर्जी नोड्यूज बनाकर देने वाला दलाल आरोपी केसर सिंह सोंधिया राजपूत को सुवासरा मध्य प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस दौरान पुलिस टीम में थाना अधिकारी अमरनाथ जोगी, हेड कांस्टेबल कालूराम, राजेश कुमार नितेश यादव, बिजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# महात्मा गांधी चिकित्सालय में नवजात बालिका को अज्ञात व्यक्ति ने छोड़ा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय के पालनाघर में एक नवजात बालिका को अज्ञात व्यक्ति छोड़ गया। पालनाघर की घंटी बजने पर अस्पताल स्टॉफ ने बालिका को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस व बाल कल्याण समिति के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। बाल कल्याण समिति ने बालिका का नामकरण करने के साथ ही अस्पताल प्रशासन को उसके बेहतर उपचार का प्रबंध करने के निर्देश दिए। उधर चिकित्सकों की माने तो बालिका का समय से पहले जन्म होने के चलते उसे सांस लेने में दिकत है ऐसे में उसका गहन इकाई में उपचार किया जा रहा है। महात्मा गांधी अस्पताल की मातृ एवं शिशु इकाई में देर रात 1.40 बजे पालने की घंटी घनघनाई तो चिकित्साकर्मी दौड़ पड़े। देखा तो पालने में कोई नवजात बालिका को छोड़ गया। बालिका को तत्काल एनआईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। पीएमओ डा.अरूण गोड़ ने बताया की बच्ची का जन्म पालने में छोडने से कुछ समय पहले ही हुआ है। वह समय से पहले जन्मी है। प्री मेच्योर होने के चलते उसके फैफड़े पूरी तरह विकसित नहीं हुए।

उसे सांस लेने में दिकत है ऐसे में उसके फैफड़े विकसति करने की दवा दी जा रही है। उधर बालिका के पालने में मिलने की सूचना पर गुरुवार दोपहर बाद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चन्द्रकला ओझा समेत सदस्य अस्पताल पहुंचे और बालिका को दीपावली से पहले पालने में आने के कारण दीया नाम दिया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के दोवनी ग्राम में 23वीं जिला स्तरीय प्राथमिक विद्यालय 11 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी के मुख्य आतिथ्य में पारितोषिक वितरण एवं राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया। इस समापन समारोह को संबोधित करते हुवे कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी ने कहा कि बच्चों ने खेल को खेल की भावना से खेला तथा इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। संस्था प्रधान मंजूर खां पठान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का 22 से 24 अक्टू. तक आयोजन किया गया। जिसमे जिले के 11 ब्लॉक की 66 टीम में 710 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा कबड्डी, खो-खो, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमे जनरल चेम्पियन शिप में भदेसर विजय, कबड्डी छात्र वर्ग प्रथम डुंगला, द्वितीय भदेसर,कबड्डी छात्रा वर्ग प्रथम भूपालसागर, द्वितीय बेंगू की टीम रही। खो-खो छात्र वर्ग में प्रथम भूपालसागर, द्वितीय बेंगू, छात्रा वर्ग में प्रथम भदेसर, दिव्तीय बेंगू तथा जिम्नास्टिक छात्र वर्ग प्रथम पुठोली गंगरार, द्वितीय गड़रियावास डूंगला की टीम रही। जिम्नास्टिक छात्रा वर्ग प्रथम गाडरियावास डूंगला, दिव्तीय भदेसर रहा। कबड्डी छात्र वर्ग सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वसीम खान भदेसर, छात्रा में हेमा गाडरी भूपालसागर रही। खो-खो छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंकुश गाडरी भूपालसागर, छात्रा वर्ग सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पूजा धाकड़ रही। अतिथियों द्वारा विजेताओं एवं श्रेष्ठ खिलाड़ियों का पारितोषित वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नन्दवाना, पूर्व वरिष्ठ नगर कांग्रेस अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, दरगाह कमेटी सदस्य सैय्यद अख्तर अली बुखारी, घनश्याम उपाध्याय, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार जैन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बालारड़ा सुभाषचंद्र नन्दवाना, मुख्य निर्णायक नानालाल जाट, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक पारस टेलर, छगन सेन, कार्तिक उपाध्याय, अशोक कुमार वैष्णव, ब्लॉक खेल प्रभारी अम्बालाल खटीक, रोशनलाल उपाध्याय, सतीश कुमार कोदली, केलाशचंद्र कुमावत, चेतनदास वैष्णव, सहसंयोजक सत्यनारायण शर्मा सहित स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उक्त समापन समारोह का संचालन हेमलता मंडोवरा एवं आभार नरेंद्र कुमार जोशी द्वारा किया गया।



# विधायक सिंघवी ने भाजपा कार्यालय पर सुने अभाव अभियोग,शोक संतृप्त परिवारों को बंधाया ढ़ांढस

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा ( नि.स. )।** विधायक व पूर्व मंत्री प्रतापसिंह सिंघवी ने गुरूवार को छबड़ा कस्बे में पेस्टिसाइड की दुकानो एवं प्रिंटिग प्रेस का शुभारंभ किया। इसके बाद विधायक सिंघवी ने भाजपा कार्यालय पर आमजन के अभाव अभियोग सुने एवं संबंधित अधिकारीयों को दूरभाष पर वार्ता कर समस्या का तुरंत निदान करने के निर्देश दिये। ततपश्चात ग्राम खेंजड़ा में गिरजाशंकर नागर के निधन पर, ग्राम गोपालपाड़ा के पूर्व सरपंच स्व. रामकरण मीणा की मां मांगी बाई के निधन पर एवं ग्राम गोपालपाड़ा में गंगाराम के पुत्र आनन्दराम के निधन पर संवेदना व्यक्त कर शौक संतृप्त परिवारो को ढ़ाढस बंधाया।

इस दौरान विधायक सिंघवी के साथ छबड़ा प्रधान हरिऔम नागर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल नागर, श्याम कचनारिया आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पंत छठे स्थान पर पहुंचे

## टॉप-10 में विराट और जायसवाल भी; बॉलर्स रैंकिंग में बुमराह नंबर-1 पर बरकरार



नई दिल्ली।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी का फायदा हुआ है। उन्होंने 3 स्थान की छलांग लगाई है।

पंत ने रैंकिंग में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। विराट को एक पायदान का नुकसान हुआ है। वे बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में शून्य के स्कोर पर आउट हुए थे। रैंकिंग में विराट 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल नंबर 4 पर कायम है।

पंत को मिला तीन स्थानों का उछाल पंत की ने तीन स्थान की छलांग लगाई है। वे अब 745 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 728 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर चले गए हैं। कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 720 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर चले गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन की रेटिंग भी 720 की है, इसलिए वे भी कोहली के साथ संयुक्त रूप से नंबर 8 पर हैं। श्रीलंका के कमिंडु मेंडिस को अपने अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। वे अब 716 की रेटिंग के साथ नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा मिला है। इंग्लैंड के बेन डकेट टॉप 10 के काफी करीब हैं। उन्होंने तीन स्थानों की छलांग के साथ नंबर 11 पर पहुंच गए है। उनकी रेटिंग 706 की है।

यशस्वी जायसवाल भी चौथे पायदान पर बरकरार टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब 780 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी परफॉरमेंस मिली-जुली रही। स्टीव स्मिथ भी 757 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर बने हुए हैं।

रूट रेटिंग में नुकसान के बावजूद पहले स्थान पर बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट नंबर एक पर हैं। हालांकि इससे पहले उनकी रेटिंग 932 तक जा पहुंची थी, वो अब घटकर 917 हो गई है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 821 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। हैरी ब्रूक अब एक स्थान नीचे यानी नंबर तीन पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 803 की हो गई है।

बुमराह नंबर-1 पर काबिज, हेनरी टॉप-10 में आए जसप्रीत बुमराह आईसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 के पायदान पर कायम है। वे पहले भारतीय गेंदबाज है जिन्होंने टेस्ट में नंबर-1 रैंकिंग हासिल की है। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 849 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं। छठे नंबर पर रवींद्र जडेजा है। टॉप-10 बॉलर्स रैंकिंग में 3 भारतीय शामिल है।

# महिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने संन्यास लिया

## 254 मैच में 205 गोल किए, टोक्यो ओलिंपिक के बाद से नहीं खेला मैच

नई दिल्ली।

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा कर दी। इसके साथ ही उनका 16 साल का अंत हो गया ।

2008 में 14 साल की उम्र में ओलिंपिक क्वालिफायर में डेब्यू करने वाली रानी ने भारत के लिए अपने 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी हरियाणा की रहने वाली हैं। रानी ने प्रेस कांफ्रेंस में रिपोर्टर्स से कहा, ''यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा देश का प्रतिनिधित्व करने पर था।''

रानी की कप्तानी में भारतीय टीम टोक्यो में चौथे स्थान पर रही रानी की कप्तानी में टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया, जो टीम की अब तक की सर्वोच्च ओलिंपिक रैंकिंग है। वहीं इसके अलावा उन्होंने कई प्रमुख जीतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें 2017 महिला एशियाई कप में सिल्वर मेडल और 2018 एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल शामिल है।

कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं रानी रानी को 2016 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2020 में उन्हें भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और चौथा सबसे बड़ा भारतीय राष्ट्रीय सम्मान पद्म श्री मिला। रानी को 2010 महिला हॉकी विश्व कप में टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी और 2013 जूनियर वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नवाजा गया था।

टोक्यो ओलिंपिक के बाद से टीम से बाहर टोक्यो ओलिंपिक के बाद से रानी टीम से बाहर चल रही हैं। टोक्यो ओलिंपिक के बाद तत्कालीन कोच श्योर्ड मरीन्ये अपने पद से हट गए थे और उनकी जगह यानेक शॉपमैन ने जिम्मेदारी संभाली थी। ऐसा माना जाता है कि यानेक और रानी के बीच रिश्तों सही नहीं थे। उस दौरान रानी रामपाल चोट से भी जूझ रही थीं। इसी वजह से साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बावजूद उनकी टीम इंडिया में वापसी नहीं हुई। पिछले साल जूनियर विमेंस टीम का बनाया गया था कोच रानी



रामपाल को एक साल पहले विमेंस टीम का कोच नियुक्त किया गया था। तब से ही माना जा रहा है कि उनकी वापसी मुश्किल है। वहीं हॉकी इंडिया के विमेंस लीग में उन्हें सूरमा क्लब ने बतौर मेंटर और हॉकी कोच चुना है।

# सरफराज की जिद पर रोहित ने लिया रिव्यू

## सुंदर की ड्रीम डिलीवरी पर रचिन बोल्ड, बुमराह के ओवर में कॉन्वे का हैट्रिक चौका





नई दिल्ली।

टीम इंडिया ने पुणे टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड की पहली पारी 259 रन पर समेट दी। जवाब में स्टंप्स तक भारत ने एक विकेट खोकर 16 रन बना लिए हैं। पहला दिन भारतीय स्पिनर्स के नाम रहा। वाशिंगटन सुंदर ने 7 और रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए। अश्विन का पहले ओवर में विकेट लेना, सरफराज खान का रिव्यू के लिए कप्तान रोहित को मनाना, बेहतरीन ऑफ स्पिन पर सुंदर का रचिन रवींद्र को बोल्ड करना पहले दिन के यादगार पल रहे।

### 1. टॉम लैथम के बल्ले से मैच का पहला चौका

मैच के दूसरे ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम के बल्ले से मैच का पहला चौका आया। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर की बॉल को थर्ड मैन बाउंड्री की ओर खेला। पारी का दूसरा ओवर आकाश दीप डाल रहे थे। बुमराह के पहले ओवर से महज 3 रन आए।

### 2. अश्विन ने अपने पहले ओवर में विकेट दिलाया

न्यूजीलैंड की पारी के 8वें ओवर में रविचंद्रन अश्विन ने टॉम लैथम का विकेट लिया। उन्होंने अपने पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। उन्होंने कप्तान टॉम लैथम को एलबीडब्ल्यू आउट किया। लैथम 15 रन बनाकर आउट हुए। अश्विन ने टॉम लैथम को टेस्ट में 9वीं बार आउट किया है।

### 3. सरफराज खान ने रिव्यू के लिए रोहित को मनाया

अश्विन ने दूसरा विकेट 24वें ओवर की आखिरी बॉल पर विल यंग को आउट कर लिया। उन्होंने यंग को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। अश्विन ने लेग स्टंप पर लेंथ बॉल डाली जिस पर यंग ने फ्लिक करने की कोशिश की। ऐसा लगा कि गेंद उनके बल्ले को छुए बिना विकेटकीपर पंत के पास गई है, लेकिन फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर खड़े सरफराज खान कन्विंस थे कि गेंद यंग के बैट से लगकर गई है।

फील्ड अंपायर ने अपील होने पर यंग को नॉटआउट करार दिया। इसके बाद सरफराज की जिद पर कप्तान रोहित डीआरएस लेने के लिए तैयार हो गए। रिप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने यंग को आउट करार दिया। यंग ने 18 रन बनाए।

### 4. भारत ने डीआरएस गंवाया

पारी के 24वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने फुल लेंथ गेंद मिडिल स्टंप पर डाली। बॉल कॉन्वे के पैड पर जा लगी। जडेजा ने तेजी से अपील की, लेकिन अंपायर ने मना कर दिया। रोहित ने डीआरएस लिया। रिव्यू में पता चला कि बॉल लेग स्टंप के बाहर जा रही थी। यहां भारत ने अपना डीआरएस गंवा दिया। इस समय कॉन्वे 38 रन पर थे। उन्होंने 76 रन की पारी खेली।

### 5. कॉन्वे ने बुमराह के ओवर में लगाए 3 चौके, फिफ्टी पूरी की

डेवोन कॉन्वे ने लंच के बाद पहला ओवर डालने आए जसप्रीत बुमराह के ओवर में लगातार 3 चौके लगाए। इन चौकों की मदद से कॉन्वे ने फिफ्टी पूरी कर ली। साथ ही टीम का स्कोर भी 100 के पार पहुंचा दिया। कॉन्वे ने टेस्ट करियर की 11वीं फिफ्टी जमाई है।

### 6. लगातार दो बाउंड्री से रचिन की फिफ्टी

रचिन रवींद्र ने लगातार 2 चौके लगाकर फिफ्टी पूरी की। 56वां ओवर डाल रहे आकाश दीप के ओवर में उन्होंने आखिरी दो बॉल पर चौके लगाए। यहां उन्होंने पहले फाइन लेग पर, इसके बाद डीप मिडविकेट पर चौका लगाया। यह रचिन रवींद्र के टेस्ट करियर की चौथी फिफ्टी थी। उन्हें 65 रन पर सुंदर ने बोल्ड किया।

### 7. सुंदर की ड्रीम डिलीवरी

करीब 3 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे वाशिंगटन सुंदर ने पहली इनिंग में 23 ओवर में 59 रन देकर 7 विकेट लिए। 60वें ओवर में सुंदर की बॉल पर रचिन रवींद्र आउट हुए। उन्होंने 65 रन बनाए। सुंदर ने ऑफ स्टंप की लाइन और फुल लेंथ बॉल डाली जो हल्का सा टर्न लेकर विकेट से जा टकराई। ऑफ स्पिनर की बॉल पर सेट बल्लेबाज रवींद्र डिफेंस करना चाहते थे, लेकिन बीट हो गए। इसके बाद 62वें ओवर की आखिरी बॉल पर सुंदर ने टॉम ब्लंडेल को बोल्ड कर दिया। यहां ब्लंडेल को सुंदर ने ऑफ स्पिन बॉल डाली। डिफेंस करने की कोशिश में ब्लंडेल बोल्ड हो गए।

# रावलपिंडी टेस्ट : इंग्लैंड की पहली पारी 267 रन पर सिमटी

## जेमी स्मिथ की फिफ्टी; साजिद खान को 6 विकेट, स्टंप्स तक पाकिस्तान का स्कोर 73/3



रावलपिंडी।

रावलपिंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम से साजिद खान ने 6 और नोमान अली ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। उनके अलावा बेन डकेट ने 52 रन की पारी खेली। गस एटकिंसन ने 39 रन का योगदान दिया।

गुरुवार को पाकिस्तान ने पहले पारी में स्टंप्स होने तक 3 विकेट खोकर 73 रन बना लिए है। कप्तान शान मसूद 14 और कामरान गुलाम 3 रन बनाकर नाबाद है। अभी टीम इंग्लैंड से 194 रन पीछे है। जैक लीच, एटकिंसन और बशीर ने 1-1 विकेट लिए। इंग्लैंड अच्छी शुरुआत के बाद लड़खड़ाई टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉली और बेन डकेट ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर 56 रन जोड़े। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर नोमान अली ने 29 रन पर क्रॉली को सईम अयूब के हाथों कैच कराया। इसके बाद स्पिनर साजिद खान ने 6 विकेट लिए। उन्होंने ओली पोप को 3, जो रुट और हैरी ब्रूक को 5 रन पर आउट किया। एक तरफ से बल्लेबाजी करते हुए डकेट ने शानदार फिफ्टी लगाई। उन्होंने 84 बॉल पर 52 रन की पारी खेली। डकेट ने अपनी इनिंग में 4 चौके और 1 छक्का लगाया। नोमान अली ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया।

जेमी स्मिथ की फिफ्टी इंग्लैंड के ओपनर बेन



डकेट के आउट होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 89 रन की पारी खेली। उन्होंने एटकिंसन के साथ मिलकर 105 रन जोड़े। 89 रन की पारी में जेमी ने 6 छक्के और 5 चौके लगाए। उन्हें साजिद खान ने आउट किया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन पाकिस्तान:** अब्दुल्ला शफीक, सईम अय्यूब, शान मसूद (कप्तान), कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, आमेर जमाल, साजिद खान, नोमान अली और जाहिद महमूद।

**इंग्लैंड:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), गस एटकिंसन, रेहान अहमद, जैक लीच और शोएब बशीर।

# 'दंगल' के लिए फोगाट परिवार को मिले थे 1 करोड़

## बबीता बोलीं- किरदारों के नाम तक बदलना चाहते थे मेकर्स, अकेडमी खोलने का सुझाव इग्नोर किया



साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान स्टारर फिल्म दंगल ने रेसलर-पॉलिटिशियन बबीता फोगाट को घर-घर में मशहूर कर दिया था। इस फिल्म ने दुनिया भर में 2 हजार 160 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। हालांकि, यह कहानी जिस फोगाट परिवार से प्रेरित थी उसे मेकर्स ने मात्र 1 करोड़ रुपए दिए थे।

पूरी कमाई के 1% से भी कम पैसा मिला: बबीता हाल ही में न्यूज 24 को दिए एक इंटरव्यू में बबीता ने इस बारे में बात की। जब बबीता से पूछा गया कि दंगल के मेकर्स ने फोगाट परिवार को कितने पैसे दिए तो बबीता ने कहा, 'हमें जो पैसा मिला वो फिल्म की पूरी कमाई के 1त्न से भी कम था।'

स्क्रिप्टिंग प्रोसेस के दौरान हो गई थी डील आगे एंकर ने पूछा कि क्या फोगाट परिवार को मेकर्स ने 20 करोड़ रुपए दिए थे इसके जवाब में बबीता ने कहा, 'यह इसके भी 10% का आधा था, करीब 1 करोड़ रुपए। यह डील आमिर खान के प्रोड्यूसर के तौर पर आने से बहुत पहले ही तय हो गई थी, जब डायरेक्टर नितेश तिवारी की टीम स्क्रिप्टिंग प्रोसेस में थी।'

आमिर ने दिया किरदारों के नाम बदलने का सुझाव: बबीता बबीता ने आगे बताया- 'पापा (महावीर सिंह फोगाट) ने मेकर्स से सिर्फ एक ही बात कही थी। हमें लोगों का प्यार और इज्जत चाहिए। बाकी सब छोड़ दीजिए।'

रेसलर ने यह भी बताया कि फिल्म के लिए आमिर खान जब बोर्ड पर आए थे तो उन्होंने मेकर्स को किरदारों के नाम बदलने का सजेशन दिया था पर हमारे पापा इसके लिए तैयार नहीं हुए।

'आमिर की टीम ने पापा को कोई जवाब नहीं दिया' आगे बबीता बोलीं- 'जब फिल्म हिट हुई तो पापा ने आमिर की टीम को हरियाणा में एक रेसलिंग अकेडमी खोलने का सुझाव दिया था। पर उनके इस आइडिया पर उनकी टीम ने कोई जवाब नहीं दिया।'

देश की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट है 'दंगल' सिद्धार्थ रॉय कपूर के यूटीवी मोशन पिक्चर्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म 'दंगल' में आमिर खान ने महावीर फोगाट, फातिमा सना शेख और जायरा वसीम ने गीता फोगाट और सान्या मल्होत्रा और सुहानी भटनागर ने बबीता फोगाट का किरदार निभाया था। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट है।

फिल्म दंगल पर चर्चा करने के बाद बबीता फोगाट गूगल पर ट्रेंड कर रहीं फिल्म दंगल की कमाई और आमिर खान समेत अन्य मेकर्स को लेकर दिए इस बयान के बाद बबीता फोगाट को गूगल पर लगातार सर्च किया जा रहा है। पिछले 30 दिनों के गूगल ट्रेंड्स को देखें तो साफ है कि बबीता को सर्च करने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

# टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़े स्कोर का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## जिम्बाब्वे ने गाम्बिया के खिलाफ 344 रन बनाए, 290 रनों से जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया



नई दिल्ली।

जिम्बाब्वे ने बुधवार को गाम्बिया के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 344 रन का स्कोर बना दिया। यह टी-20 इंटरनेशनल मैच में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड नेपाल के नाम था, उसने मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे।

जिम्बाब्वे ने यह मैच 290 रन से जीता। यह टी-20 इंटरनेशनल में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने मैच में 33 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने 43 गेंद में 133 रन की पारी खेली। यह मैच टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स के तहत नैरोबी में खेला गया।

सिकंदर रजा ने 15 छक्के और 7 चौके लगाए जिम्बाब्वे ने मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। जिम्बाब्वे के लिए ओपनर ब्रायन बेनेट और मरुमानी ने 5.4 ओवर में 98 रन की साझेदारी की। मरुमानी ने 19 गेंद में 62 और बेनेट ने 26 गेंद में 50 रन की पारी खेली। कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाब्वे की ओर से सबसे अधिक नाबाद 133 रन बनाए। उन्होंने इस पारी में 15 छक्के और 7 चौके लगाए।

सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 344 रन बनाए। जवाब में गाम्बिया 14.4 ओवर में 54 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह जिम्बाब्वे की टीम ने यह मैच 290 रन से जीता। इसके साथ ही जिम्बाब्वे ने टी-20 इंटरनेशनल की सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। पहले यह रिकॉर्ड नेपाल के नाम था, जिसने पिछले साल मंगोलिया को 273 रनों से हराया था।

सबसे ज्यादा छक्कों का नया रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने इस पारी में 27 छक्के जड़े और नेपाल का ही 26 छक्के का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। सिकंदर रजा ने सबसे ज्यादा 15 छक्के जड़े।



# मेरे घर में पापा चाय बनाते हैं, बालों में तेल लगाते हैं... घर में जेंडर रोल नहीं है : कृति सेनन

**बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन जल्द ही फिल्म दो पत्ती में नजर आएंगी। इस फिल्म में उन्होंने डबल रोल निभाया है। उन्होंने हमारे साथ बातचीत में बताया कि लॉकडाउन के दौरान ही उन्हें बिजनेस करने का ख्याल आया था। इसीलिए अब वो प्रोडक्शन की दुनिया में भी हाथ आजमा रही हैं। जानिए उन्होंने और क्या-क्या कहा।**

**ऐक्टिंग में इस साल एक दशक पूरे करने साथ ही अब आप बिजनेस और फिल्म प्रॉडक्शन में भी उतर चुकी हैं। इन अलग-अलग क्षेत्रों में हाथ आजमाने का ख्याल कैसे आया?**

ऐसा नहीं है कि मेरे दिमाग में आया कि अभी ऐक्टिंग में इतने साल हो गए तो मुझे कुछ और करना चाहिए। हमें कभी किसी चीज की ओर अचानक से जुड़ाव महसूस होता है। जैसे बिजनेस का ख्याल मेरे दिमाग में लॉकडाउन में आया। मैं सोचती हूं कि बचपन में जब कोई पूछता था कि बड़े होकर क्या बनना है तो जवाब एक ही क्यों होता था! हम बहुत कुछ कर सकते हैं ना, बहुत कुछ बन सकते हैं।

**फिल्म दो पत्ती में डबल रोल के अलावा को-प्रड्यूसर की भूमिका निभाने के पीछे भी क्या यही सोच रही?**

मैं असल में ऐसे दौर में थीं जहां मैं फिल्म में सिर्फ ऐक्टर के बजाय क्रिएटिवली और ज्यादा शामिल होना चाहती थी। जब मैं मिमी कर रही थी, तब मुझे यह अहसास हुआ। उस फिल्म से मैं इमोशनली और कई तरीके से इतना जुड़ गई थी कि उसके हर पहलू का हिस्सा बनना चाहती थी। तब मैंने प्रड्यूसर बनने का मन बनाया। दूसरे, बहुत मुश्किल से आपके पास ऐसी स्क्रिप्ट आती है जिसमें आपको इतने गहरे और इंटेंस लेवल पर परफॉर्म करने को मिले तो मैं ऐसा कोई रोल तलाश भी रही थी जो मुझे मिल नहीं रहा था।

**आंखों में आ गए आंसू?**

मुझे कनिका (राइटर और को-प्रड्यूसर कनिका ढिल्लन) की राइटिंग बहुत पसंद है तो मैंने उनसे कहा कि मैं कुछ प्रड्यूस करना चाहती हूं। आपके पास कुछ है जिसमें मैं फिट हो सकती हूं? तो उन्होंने कहा, क्या आपके मन में कुछ है? तो मैंने उन्हें एक मुद्दा बताया जिस पर मैं काम करना चाहती थी, जबकि कनिका के पास एक बहुत ही रोचक जुड़वा बहनों की कहानी थी। फिर कनिका ने मेरे मुद्दे और अपनी जुड़वा बहनों की कहानी को इतनी खूबसूरती से साथ में मिला दिया कि कहानी सुनकर मेरी आंखों से आंसू आ गए और मैं इस इस फिल्म से तिहरे रोल में जुड़ गई।

**कनिका के मुताबिक, औरतें जब साथ आती हैं तो कमाल करती हैं। आपकी इस पर क्या राय है? आपके हिसाब से औरतें साथ में कैसे एक-दूसरे को सशक्त बनाती हैं?**

मैं कनिका से बिल्कुल सहमत हूं। मेरा मानना है कि जो आप अपने घर में देखते हैं, अपनी मां को करते हुए देखते हैं, वह आपकी पर्सनैलिटी को बनाता है। मैंने हमेशा यही देखा कि मेरी मॉम और डैड दोनों काम करते हैं। दोनों साथ मिलकर फैसले लेते हैं। ऐसा नहीं था कि मेरी मां घर में मेरे डैड से किसी मायने में कम थीं। वहीं, मेरे डैड भी मेरे बाल में तेल लगाते थे।

**मेरे घर में जेंडर रोल डिफाइन नहीं था?**

मां खाना बनाती थीं तो पापा चाय बनाते थे तो मेरे घर में वह जेंडर रोल डिफाइन नहीं था और जब आप अपने घर में वह बराबरी देखते हैं तो आपकी सोच ही वैसी हो जाती है। आपके लिए यह समानता नॉर्मल है। ऐसे में, आप बाहर निकलने पर गैर-बराबरी देखते हैं। वह चाहे सेट पर हो, जहां हम देखते हैं कि कितनी औरतें हैं, जिन्हें मर्दों के बराबर ट्रीट नहीं किया जाता तो आप इस चीज से ओके नहीं होते। हमें वह सही नहीं लगता और यह आपकी जिम्मेदारी बन जाती है कि उसे ओके बनाएं। ऐसे में जब आप एक कदम आगे बढ़ते हैं, जैसे खुद प्रड्यूसर हैं या ऐसे सेट पर हैं जहां आपके पास थोड़े अधिकार है तो वहां बराबरी लाना आपकी जिम्मेदारी बन जाती है। मेरे लिए तो आगे बढ़ने का वही तरीका है।

**आपने इतनी सारी फिल्मों में काम किया है। इस फिल्म में औरतों के पावरफुल पोजिशन में होने की वजह से कोई बदलाव महसूस किया?**

ईमानदारी से कहूं तो एक-दो सेट ही होंगे, जहां मुझे ट्रीटमेंट के मामले में बराबरी नहीं मिली है। बाकी जगह, मैंने यह चीज इतनी नहीं महसूस की लेकिन जहां भी मुझे ऐसा लगा कि एक औरत होने के नाते मेरी वैल्यू सही नहीं की गई है या मुझे जो बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए, वह नहीं मिला तो या तो मैंने अपनी आवाज उठाई है या अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। उसे सहा नहीं, क्योंकि एक पॉइंट के बाद आपको यह अहसास होता है कि सबसे पहले आपको अपनी इज्जत करनी है। आप अगर खुद को सम्मान नहीं दे रहे हैं तो दूसरे से उस सम्मान की उम्मीद नहीं कर सकते। इसलिए जहां मुझे लगा है, मैंने वह स्टैंड लिया है।

**फिल्म में आप पहली बार डबल रोल कर रही हैं और ये दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे से और चुनौतीपूर्ण हैं। एक ही समय में इन दोनों पर्सनैलिटीज में खुद को ढालने के लिए क्या तरकीब अपनाई?**

मेरे लिए सबसे जरूरी इन दोनों पर्सनैलिटीज को समझना था कि मैं उनको एक-दूसरे से अलग कैसे कर सकती हूं क्योंकि ये बहनें हैं। ऐसा नहीं है कि वे बचपन में बिछड़ गई हैं और बाद में मिली। वे एक ही घर में, एक ही परिवार के साथ रही हैं, उनकी परवरिश एक है, फिर भी उनके बीच अंतर क्या है? मुझे वह खोजना था और अंतर होता है। जैसे, मैं और मेरी बहन भी अलग है, एक ही सिचुएशन में हम दोनों का रिएक्शन बहुत अलग होता है। उसे गुस्सा बहुत आता है, मुझे नहीं आता है तो इन चीजों को पकड़ा। उसके हिसाब से उनकी चाल-ढाल, एक्सप्रेशन में बदलाव लाया। इन बहनों के बीच दुश्मनी भी है, वह क्यों है? यह साइकॉलजी समझना मुश्किल था, पर इसी का मजा था।

# हीरो ने आधी रात दरवाजा पीटा : मल्लिका शेरावत

## फिल्म मर्डर के बाद एक्टर कहते थे- रात में मिलो, मूवी पोस्टर के नाते विवादों में रहीं

**एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत की इमेज एक बोल्ड अभिनेत्री की रही है। उनकी इस इमेज की वजह से बड़े स्टार कॉल करके रात में मिलने के लिए बुलाते थे। उन्हें लगता था कि पर्दे पर इतना बोल्ड सीन करती हैं, तो उनके साथ क्या दिक्कत होगी? एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि दुबई में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हीरो ने आधी रात को दरवाजा खुलवाने की कोशिश थी। कॉम्प्रोमाइज न करने की वजह से 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं। फिल्म 'डर्टी पॉलिटिक्स' के पोस्टर को लेकर मल्लिका शेरावत विवादों में रही हैं। मल्लिका शेरावत का जन्म 24 अक्टूबर 1976 को हरियाणा के हिसार जिले के छोटे से गांव मोठ में हुआ था। मल्लिका 48 साल की हो चुकी हैं।**

### 17 किसिंग सीन देकर सनसनी फैला दी थी

मल्लिका शेरावत ने करियर की शुरुआत 2002 में रिलीज फिल्म जीना सिर्फ मेरे लिए से किया था। इस फिल्म में उन्होंने सीमा नाम की लड़की का छोटा सा किरदार निभाया था, जिसे ज्यादा नोटिस नहीं किया गया। हालांकि, जब उनकी दूसरी फिल्म 'ख्वाहिश' आई तो इस फिल्म से उनकी खूब चर्चा हुई। इस फिल्म में एक्टर हिमांशु मालिक के साथ 17 किसिंग सीन देकर मल्लिका ने बॉलीवुड में सनसनी फैला दी थी।

### डायरेक्टर के साथ रहे नजदीकियों के चर्चे

'ख्वाहिश' की शूटिंग के दौरान फिल्म के डायरेक्टर गोविंद मेनन के साथ मल्लिका शेरावत की नजदीकियों के चर्चे थे। हालांकि, मल्लिका ने कभी भी इस बारे में खुलकर बात नहीं की। 'ख्वाहिश' के अलावा गोविंद मेनन ने मल्लिका को लेकर 'किस-किस की किस्मत' और 'बचके रहना रे बाबा' जैसी फिल्में डायरेक्ट कीं।

### फिल्म 'मर्डर' के बाद शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था

फिल्म 'ख्वाहिश' के बाद मल्लिका शेरावत की चर्चा महेश भट्ट की फिल्म 'मर्डर' को लेकर खूब हुई। इस फिल्म की सफलता के बावजूद मल्लिका को बॉलीवुड में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। मल्लिका शेरावत ने एक इंटरव्यू में कहा था- मर्डर की सफलता के बाद भी लोगों की नफरत का सामना करना पड़ा था। मुझे लगता है कि लोग चाहते थे कि मैं मर्डर की सफलता के बावजूद खुद पर शर्म महसूस करूं।

### महेश भट्ट के सामने खूब रोई थीं

मल्लिका शेरावत महेश भट्ट को अपना गुरु मानती हैं। मर्डर के बोल्ड सीन को लेकर जब मल्लिका की आलोचना हुई, तो रोते हुए महेश भट्ट के पास पहुंचीं। महेश भट्ट ने मल्लिका को समझाया कि ये इंडस्ट्री का हिस्सा है। इन चीजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए और फिल्म की सफलता को एन्जॉय करना चाहिए।

### कॉम्प्रोमाइज के बिना करियर मुश्किल

मल्लिका शेरावत ने एक दूसरे इंटरव्यू में कहा- यह सच है कि जब तक आप कॉम्प्रोमाइज नहीं करेंगे, काम नहीं मिलेगा। बड़े स्टार्स मुझे कॉल करके बोलते थे कि रात में मिलो। मैं पूछती थी कि रात में क्यों? वो कहते थे कि स्क्रीन पर बोल्ड रोल कर लेती हो तो मुझसे रात में मिलने में क्या प्रॉब्लम है?

### कॉम्प्रोमाइज नहीं किया तो 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं

मल्लिका शेरावत का मानना है कि बॉलीवुड में हर हीरोइन को कॉम्प्रोमाइज के लिए एक बार जरूर मजबूर किया जाता है। वे कहती हैं- यह सच है कि बॉलीवुड में हर हीरोइन को कॉम्प्रोमाइज के दौर से गुजरना पड़ता है। यह मेरा अनुभव है। कोई भी एक्ट्रेस कहती है कि ये सच नहीं है तो वो झूठ बोल रही है। मैंने कॉम्प्रोमाइज नहीं किया तो 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं।

### हीरो रात को 12 बजे मेरा दरवाजा खटखटाता था

मल्लिका शेरावत ने कहा, 'ऐसे कई मौके आए जब कॉम्प्रोमाइज के लिए दबाव डाला गया, लेकिन मेरा ऐसा व्यक्तित्व नहीं है कि मैं किसी भी स्टार के साथ कॉम्प्रोमाइज करूं। दुबई में एक बड़ी फिल्म की शूटिंग कर रही थी। वह मल्टीस्टारर फिल्म थी। उस फिल्म का एक बड़ा हीरो रात 12 बजे मेरा दरवाजा खटखटाता था। ऐसा लगता था कि दरवाजा तोड़कर मेरे बेडरूम में घुस जाएगा। उसके बाद उस हीरो ने कभी मेरे साथ काम नहीं किया।'

# एक्टर विक्रम कपाड़िया बोले- यशराज और धर्मा घमंडी : कहा- दोनों बैनर ब्रेक देते हैं पर इज्जत नहीं, इसी ईगो से परेशान हैं कई एक्टर्स

'मेड इन हेवन', 'योद्धा', 'द नाइट मैनेजर' और 'द आर्चीज' जैसी फिल्मों में काम कर चुके एक्टर विक्रम कपाड़िया ने बॉलीवुड के दो बड़े प्रोडक्शन हाउस पर अपनी भड़ास निकाली है। एक्टर ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन और आदित्य चोपड़ा के यशराज बैनर को घमंडी बताया है। उन्होंने कहा कि दोनों बैनर के इसी ईगो की वजह से कई एक्टर्स परेशान भी हैं।



### हम बड़े बैनर हैं इसलिए पैसा कम देंगे

बॉलीवुड नाऊ को दिए एक इंटरव्यू में विक्रम ने कहा, 'यशराज और धर्मा को थोड़ा सा घमंड है कि हम बड़े बैनर हैं, तो हम आपको थोड़ा कम पैसा देंगे। पर क्योंकि हम दे रहे हैं तो आपको कम पैसे में भी खुश रहना चाहिए। मुझे लगता है कि वो सभी के साथ ऐसा करते हैं और मेरे ख्याल से इसी वजह से सभी एक्टर्स परेशान हैं।'

### वैल्यू कम देंगे पर पैसा वक्त पर आएगा

विक्रम ने दोनों बैनर के पेमेंट प्रोसेस का जिक्र करते हुए कहा- 'बतौर राइटर यशराज ने मुझे अच्छा पैसा दिया पर उनके मन में कहीं ना कहीं यह रहता है कि हम यशराज हैं। आपको रोल दे रहे हैं और ब्रेक भी दे रहे हैं तो भले ही वैल्यू थोड़ी कम देंगे पर पैसा समय पर ही आता है।'

### एक्टर ने बालाजी की तारीफ की

विक्रम ने अपने करियर की शुरुआत में एकता कपूर के कई टीवी शोज भी किए हैं। उन्होंने एकता कपूर के बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स की तारीफ करते हुए कहा- 'इस मामले में बालाजी का काम बढ़िया है। वो हर महीने की 23 तारीख को आपको चेक पकड़ा देते हैं। अगर आप शहर में नहीं हैं तो आपका अकाउंट डिटेल्स लेकर आपका पैसा आपको भेज देते हैं।'

### 70 के दशक में शुरू हुए थे यशराज और धर्मा

फिल्म प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी यश राज की शुरुआत 1970 में मशहूर फिल्ममेकर यश चोपड़ा ने की थी। साल 2012 के बाद से उनके बड़े बेटे आदित्य चोपड़ा ने यह बैनर संभाला है। आज यह देश की सबसे बड़ी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी में से एक है। वहीं धर्मा की शुरुआत साल 1979 में प्रोड्यूसर यश जौहर ने की थी। बैनर की पहली फिल्म अमिताभ बच्चन स्टारर दोस्ताना थी जो साल 1980 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। 2004 में यश जौहर के निधन के बाद से उनके बेटे करण जौहर इसके संभाल रहे हैं।

### करण जौहर ने कहा था एक्टर्स ज्यादा फीस मांगते हैं

हाल ही में धर्मा प्रोडक्शन के मालिक करण जौहर ने एक्टर्स की ज्यादा फीस की डिमांड के बारे में बात की थी। फिल्ममेकर ने कहा था कि एक्टर फीस तो एकदम हाई मांगते हैं पर वो ये नहीं देखते कि वह फिल्म उनके फीस का आधा भी कमा नहीं पाई है।

# कृष्णा ने खत्म किया गोविंदा से 7 साल पुराना झगड़ा : गोली लगने के बाद मामा से मिलने पहुंचे एक्टर-कॉमेडियन, बोले- बड़ों की डांट सुन लेनी चाहिए

हाल ही में कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक अपना 7 साल पुराना झगड़ा भुलाकर मामा गोविंदा के घर पहुंचे और उनका हाल-चाल लिया। एक इंटरव्यू में इस मुलाकात का जिक्र करते हुए कृष्णा ने कहा- 'जैसे ही भारत लौटा, मैं सीधा 7 साल में पहली बार मामा से मिलने उनके घर पहुंचा। ऐसा लगा मानो मैंने आधा वनवास पूरा कर लिया हो। वो ठीक हो रहे हैं। मैंने उनके साथ लगभग एक घंटा बिताया। यह बहुत ही इमोशनल मोमेंट था।'



गोविंदा से हो गया था मिसफायर बताते चलें कि बीते दिनों गोविंदा ने अपने ही घर अपनी गन से मिसफायर कर दिया था और बुलेट उनके पैर में लग गई थी। अस्पताल में 3-4 दिनों तक चले इलाज के बाद वो घर वापस पहुंचे थे। तब गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक काम के सिलसिले से ऑस्ट्रेलिया में थे। पर उनकी वाइफ कश्मीरा शाह, गोविंदा से मिलने पहुंची थी।

लगभग कैंसल कर दिया था ऑस्ट्रेलिया टूर अब ऑस्ट्रेलिया से लौटकर कृष्णा ने अपना झगड़ा भुला दिया है। कृष्णा ने आगे बताया- 'जब मामा के साथ यह घटना हुई तब मैं ऑस्ट्रेलिया में था। मैंने अपना टूर लगभग कैंसिल कर दिया था लेकिन हॉस्पिटल स्टाफ और वाइफ कश्मीरा से बात करने के बाद मुझे इस बात की संतुष्टि हुई कि वो ठीक हो रहे हैं।'

हमने अतीत का कोई जिक्र नहीं किया कृष्णा ने कहा, 'मामा के घर पहुंचकर मैं सात साल बाद नम्मो (गोविंदा की बेटी टीना आहूजा) से भी मिला। ये वाकई बहुत इमोशनल मोमेंट था। मैंने मामा को सीधा गले लगा लिया। मुझे खुशी है कि हमने इस बातचीत के दौरान अतीत का कोई जिक्र नहीं किया।' 'बड़ों की डांट सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए' अंत में कृष्णा ने कहा, 'परिवार ऐसे ही होते हैं। गलतफहमियां हो सकती हैं, लेकिन कोई भी चीज हमें लंबे समय तक अलग नहीं रख सकती। मैं मामी से नहीं मिल सका, क्योंकि वो बिजी थीं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं उनका सामना करने से थोड़ा डर रहा था। मुझे पता था कि वो मुझे डांटेंगी पर आपसे नसमझी में कुछ गलती हो जाए तो बड़ों की डांट सुनने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।' कई सालों से बंद थी बातचीत बताते चलें कि बीते कई सालों से गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा के बीच तनाव बना हुआ है। गोविंदा ने एक इंटरव्यू में खुलेआम अपने भांजे के सेंस ऑफ ह्यूमर और एक्टर पर बनाए गए चुटकुलों पर आपत्ति जताई थी। इसके अलावा उन्होंने कृष्णा की पत्नी से भी दूरी बना ली थी और उनसे दोबारा कभी बात न करने की कसम खाई थी। हालांकि, इस साल अप्रैल महीने में जब कृष्णा की बहन आरती की शादी हुई, तब गोविंदा अपने बेटे यशवर्धन के साथ शादी में शामिल हुए थे।

# सलमान खान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

## 5 करोड़ की फिरौती मांगने के बाद माफी मांगी थी, झारखंड के जमशेदपुर में सब्जी बेचता है



सलमान खान को धमकाते हुए 5 करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन (24) को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई की वरली पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार (23 अक्टूबर) को अरेस्ट किया। आज इसे ट्रांजिट रिमांड पर झारखंड से मुंबई लाया जाएगा। जमशेदपुर के सब्जी बेचने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन ने ही पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप कॉल करके फिरौती मांगी थी। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था।

### धमकी देने के बाद मांगी थी माफी

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि पुलिस ने संदेश भेजने वाले का पता लगाने के लिए तुरंत जांच शुरू की। इसी बीच, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उसी मोबाइल नंबर से एक माफी वाला मैसेज भी मिला। पुलिस ने झारखंड के उस नंबर का पता लगाया और आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम भेजी।

### मैसेज में लिखा था- सलमान को 5 करोड़ देने होंगे

मुंबई पुलिस के मुताबिक, धमकी भरी मैसेज में लिखा था- 'इसे हल्के में मत लीजिए। सलमान खान को जिंदा रहना है और उसे लॉरेंस से दुश्मनी खत्म करनी है तो उसे 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।'

### 12 अक्टूर को हुई थी बाबा सिद्दीकी की हत्या

12 अक्टूबर को सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। लॉरेंस गैंग सलमान खान को भी कई सालों से जान से मारने की धमकी दे रहा है। ऐसे में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ाई गई है। क्या है लॉरेंस और सलमान का विवाद यह पूरा मामला साल 1998 में हुए काले हिरण के शिकार के मामले से जुड़ा हुआ है। इसमें तब सलमान खान का नाम सामने आया था और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि, दोषी ठहराए जाने के बाद सबूतों के अभाव में सलमान को जमानत पर रिहा कर दिया गया था। तभी से गैंगस्टर लॉरेंस सलमान के पीछे पड़ा है। लॉरेंस चाहता है कि काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान बिश्नोई समाज से माफी मांग लें। इन दिनों गुजरात की साबरमती जेल में बंद लॉरेंस आए दिन सलमान को जान से मारने की धमकी देता है। अप्रैल 2024 में सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित घर के बाहर गोलीबारी की जिम्मेदारी भी उसकी गैंग ने ही ली थी।

# अब चुलबुल पांडे भी देंगे सिंघम का साथ

रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में सलमान खान की एंट्री अब कन्फर्म हो गई है। फिल्म में वह चुलबुल पांडे के रूप में सिंघम का साथ देते नजर आएंगे। पिछले कुछ समय से सलमान के कैमियो को लेकर सस्पेंस बना हुआ था, लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है। इसके अलावा, फिल्म में सलमान खान, अक्षय कुमार के साथ कई अन्य बड़े सितारे भी नजर आएंगे। दरअसल, हाल ही में चर्चा थी कि सिंघम अगेन में साउथ सुपरस्टार प्रभास और सलमान खान का कैमियो हो सकता है। जहां सलमान खान को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है, तो वहीं प्रभास के कैमियो को लेकर अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है। मल्टीस्टारर फिल्म है 'सिंघम 3' बता दें, 'सिंघम 3' में अजय देवगन डीसीपी बाजीराव सिंघम बनकर लौट रहे हैं। वहीं इसमें 'सूर्यवंशी' अक्षय कुमार और 'सिंबा' रणवीर सिंह का भी अहम रोल होगा।

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# साइक्लोन 'दाना': ओडिशा से टकराएगा, तेज हवा-बारिश जारी

## 300 उड़ानें, 552 ट्रेनें रद्द; बंगाल समेत 7 राज्यों पर असर

बढ़ता राजस्थान



**पुरी/कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' 24 अक्टूबर की देर रात करीब 2 बजे ओडिशा के तट से टकराएगा। इसका असर पश्चिम बंगाल पर भी होगा। तटीय इलाकों (धामरा) में इस वक्त 70kmph की रफ्तार से हवा चल रही है। भुवनेश्वर मौसम केंद्र के मुताबिक तूफान ओडिशा में भितरकनिका नेशनल पार्क और धामरा पोर्ट के पास लैंड करेगा। इसकी लैंडफॉल प्रोसेस 5 घंटे चलेगी और यह 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ओडिशा के उत्तरी हिस्से से गुजरेगा। दाना के असर से भद्रक, केंद्रपाड़ा सहित कुछ स्थानों पर 30 सेमी यानी 12 इंच (एक फुट) से ज्यादा बारिश हो सकती है। बाकी तटीय इलाकों में 20 सेमी तक बारिश के आसार है। ओडिशा के 14 जिलों में 10 लाख लोगों को शिफ्ट किया गया है। पश्चिम बंगला सरकार ने दाना के खतरे को देखते हुए अब तक 1,59,837 लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला है। इनमें से 83,537 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। दो एयरपोर्ट पर 16 घंटे 300 फ्लाइट कैंसिल, 552 ट्रेनें रद्द भुवनेश्वर और कोलकाता एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम 5 बजे से 25 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक 16 घंटे करीब 300 फ्लाइट्स कैंसिल रहेंगी। इधर साउथ ईस्ट रेलवे ने 150, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 198, ईस्टर्न रेलवे ने 190 और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। कुल 552 ट्रेनें रद्द की गई हैं। पुरी के जगन्नाथ मंदिर परिसर में सभी अस्थायी टेंट हटा दिए गए हैं। एस्बेस्टस की छतों पर रेत की बोरियां रखी गई हैं। ताकि उड़ न जाएं। वहीं कोणार्क मंदिर को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

### ओडिशा में नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात

ओडिशा ने नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स, ओडिशा डिजास्टर रिलीफ फोर्स और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की हैं। तूफान से प्रभावित 14 जिलों के स्कूल-कॉलेज 25 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। इन जिलों में सभी टूरिज्म पार्क के साथ ओडिशा हाईकोर्ट को भी 25 अक्टूबर तक बंद कर दिया गया है। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने हाई लेवल मीटिंग कर तूफान से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की है।

## राजस्थान सरकार ने कर्मचारियों-पेंशनर्स का डीए 3% बढ़ाया

### दीपावली बोनस के बाद अब डीए 50 से बढ़कर 53% किया, 1 जुलाई से मिलेगा फायदा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्र के बाद अब राजस्थान सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के डीए में 3% की बढ़ोतरी कर दी है। वित्त विभाग ने डीए बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। कर्मचारियों और पेंशनर्स का डीए 50% से बढ़कर 53% किया गया है। बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई से लागू होगा। एक जुलाई से लेकर 31 अक्टूबर तक का बढ़ा हुआ डीए कर्मचारियों के जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ) अकाउंट में जमा होगा। 1 नवंबर से बढ़े हुए डीए का भुगतान सैलरी के साथ कैश में किया जाएगा। पेंशनर्स को 1 जुलाई से ही बढ़े हुए डीए का कैश भुगतान किया जाएगा। पेंशनर्स को बढ़े डीए का पेंशन के साथ एरियर मिलेगा। राज्य सरकार ने पिछले दिनों ही कर्मचारियों को दीपावली बोनस देने की घोषणा की थी। अब दीपावली से पहले सरकार ने कर्मचारियों का डीए बढ़ाने की भी घोषणा की है। राजस्थान में पिछले लंबे समय से यह ट्रेंड है कि केंद्र के डीए बढ़ाने के बाद सप्ताह भर से कम समय में ही राज्य सरकार भी आदेश जारी कर देती है। इस बार भी उसी परंपरा के तहत डीए बढ़ाया है। कर्मचारियों की सैलरी दीपावली के कारण 30 अक्टूबर को ही देने का फैसला किया है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के 8 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

# फिर 85 विमानों में बम की धमकी

## एअर इंडिया-विस्तारा, इंडिगो की 20-20, अकासा की 25 फ्लाइट

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमानों को बम से उड़ाने की धमकी देने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को एक बार फिर 85 फ्लाइट्स को धमकी मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें एअर इंडिया की 20, इंडिगो की 20, विस्तारा की 20 और अकासा की 25 फ्लाइट्स शामिल हैं। अकासा एयर ने बयान जारी कर कहा- आज हमारी कुछ फ्लाइट्स में सिक्योरिटी अलर्ट मिला। एयरलाइन की रिस्पॉन्स टीमें लोकल अथॉरिटी के साथ सेफ्टी और सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को फॉलो कर रही हैं। आज ही गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डाबोलिम) और गोवा के ही मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आज हाई अलर्ट पर रखा गया। इन एयरपोर्ट्स पर लैंड होने वाली 4 फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली थी। इसके बाद दोनों एयरपोर्ट्स के लिए बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी का गठन किया गया। पिछले 11 दिनों में 255 से ज्यादा विमानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं। इससे एविएशन सेक्टर को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। एक दिन पहले, 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा था कि, इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आपने क्या किया है। ये जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे हैं। 21 अक्टूबर को नायडू ने कहा था कि फ्लाइट्स में बम धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं। सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982 में संशोधन की योजना बना रही है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो इस मुद्दे पर लगातार गृह मंत्रालय के संपर्क में है।

### एयर मार्शल की संख्या दोगुनी

केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या दोगुनी करने का फैसला किया। इसी दिन गृह मंत्रालय ने फर्जी धमकियों को लेकर एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी। CISF, NIA और IB को भी रिपोर्ट देने को कहा गया।

### एयरलाइंस के सीईओ के साथ बैठक

ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने 19 अक्टूबर को सभी एयरलाइंस के ष्टश्वह्र्य के साथ बैठक की। इसमें झूठी धमकियों से निपटने पर चर्चा की गई। साथ ही यात्रियों की असुविधा और एयरलाइंस के नुकसान पर भी बात हुई।

### डीजीसीए प्रमुख को हटाया

केंद्र ने 19 अक्टूबर को डीजीसीए चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा गया।

## राम-लक्ष्मण की जोड़ी मिलकर काम करेगी, गोलमा अकेली

### 50 प्रतिशत वोटों की मालकिन



बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** नामांकन सभा में डॉ. किरोड़ी की पत्नी गोलमा देवी पहले से मंच पर मौजूद थीं। कुछ देर बाद किरोड़ी मीणा मंच पर आए तो उनके पास लगी कुर्सी पर बैठ गए। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे को हाथ जोड़ते हुए अभिवादन किया। दौसा विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी और मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के छोटे भाई जगमोहन मीणा ने गुरुवार को नामांकन भरा। इस दौरान किरोड़ीलाल ने छोटे भाई का जिक्र करते हुए कहा- राम-लक्ष्मण की जोड़ी अब मिलकर काम करेगी। उन्होंने कहा- दीपावली का मौका है, भगवान राम 14 साल बाद लौटे थे। जगमोहन को 10 साल बाद सेवा करने का मौका मिला है। भरोसा दे सकता हूं कि मुझसे ज्यादा ये दौसा की सेवा करेगा। उपचुनाव में पार्टी ने मुझे स्टार प्रचारक बनाया है। सभी सात सीटों पर प्रचार करूंगा। नामांकन के बाद आयोजित सभा में किरोड़ी ने कहा- मुझे सब बाबा कहते हैं। पत्नी गोलमा देवी की ओर इशारा करते हुए कहा- आपकी दादी गोलमा जी, जरा खड़े होना। फिर किरोड़ी ने उन्हें बैठने को कहा- लेकिन जब वे नहीं बैठीं तो हाथ जोड़कर बैठने की रिक्वेस्ट की।

किरोड़ी ने कहा- ये अकेली 50 प्रतिशत वोटों की मालकिन हैं। मैं 10-20 गांव में गया था तो महिलाएं कह रही थीं, बाबा-दादी आएंगे, तब वोट देंगे। ऐसी मेरी प्यारी गोलमा भी विराजमान हैं। मंत्री किरोड़ी ने कहा- सीएम भजनलाल शर्मा का धन्यवाद देना चाहता हूं।

# यूपी-राजस्थान, उत्तराखंड में अवैध संपत्ति गिराने का मामला


## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यों के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सुनवाई नहीं करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अवैध संपत्तियों को गिराने के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस पी के मिश्रा और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने की। बेंच ने कहा- हम उन याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन मामले से नहीं जुड़े हैं। इन याचिकाओं को सुनने लगे तो मामले काफी बढ़ जाएंगे। दरअसल, याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं माना, जिसमें कहा गया था कि कोर्ट की अनुमति के बिना संपत्ति नहीं गिराई जाएगी।

**याचिकाकर्ताओं के वकील :** सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि कोर्ट की अनुमति के बिना कोई भी संपत्ति नहीं गिराई जाएगी। इनमें से एक मामले में स्नढ्ढक्र दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को गिरा दिया गया।

**यूपी सरकार के वकील :** याचिकाकर्ता ने कुछ मीडिया रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट का रुख किया। क्योंकि ये सिर्फ फुटपाथ पर अतिक्रमण था जिसे अधिकारियों ने हटाया था।



**याचिकाकर्ताओं के वकील :** पीड़ित लोग अक्सर अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं।
**बेंच :** कृपया ऐसा न कहें, हर जगह जन भावना वाले नागरिक हैं।

# कश्मीर में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, 3 जवान शहीद

बढ़ता राजस्थान



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग के नागिन इलाके में एलओसी के पास गुरुवार शाम 18 राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकियों ने हमला किया। आतंकियों की गोलीबारी में 3 जवान शहीद हो गए और एक पोर्टर की मौत हो गई। पोर्टर सेना की मदद के लिए होते हैं, वे पहाड़ी इलाके और फ्रंट पोस्ट पर सामान पहुंचाने में मदद करते हैं। हमले में सेना के 7 जवान भी घायल हुए थे। सभी घायलों को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 3 जवानों ने दम तोड़ दिया।

**हमले में 3 से ज्यादा आतंकी शामिल :** सेना के सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में 3 से ज्यादा आतंकी शामिल हो सकते हैं। वहीं, सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकियों ने उत्तरी कश्मीर के बोटा पथरी सेक्टर में एलओसी से घुसपैठ की होगी।

**सुबह पुलवामा में आतंकी हमला, मजदूर घायल :** इससे पहले दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बटगुंड में आंतकवादियों ने एक और मजदूर पर गोलीबारी की थी, जिसमें वो घायल हुआ था। घायल शुभम कुमार यूपी का रहने वाला है। उसका अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, गुरुवार सुबह ही श्रीनगर में गनबाग इलाके में एक गैर कश्मीरी युवक का शव मिला था। पुलिस के मुताबिक मृतक पश्चिम बंगाल का रहने वाला एमडी जाहुद था। जम्मू-कश्मीर में बीते एक हफ्ते में गैर कश्मीरियों पर हुआ यह तीसरा हमला है। इससे पहले 20 अक्टूबर को गांदरबल और 18 अक्टूबर को शोपियां में आतंकियों ने टारगेट किलिंग को अंजाम दिया था, जिसमें 7 लोगों की मौत हुई थी।

लगातार हो रहे आतंकी हमलों को देखते हुए राजभवन में आज हाई लेवल मीटिंग भी हुई थी। इसमें नॉर्थ विंग कमांडर, जम्मू-कश्मीर डीजीपी, कोर कमांडर और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में 20 अक्टूबर की रात हुए हमले में कश्मीर के डॉक्टर, एमपी के इंजीनियर और पंजाब-बिहार के 5 मजदूरों की जान गई थी।

इसकी जिम्मेदारी लश्कर के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। बुधवार को इस हमले में शामिल आतंकी की तस्वीर सामने आई। हाथ में,च-47 जैसी राइफल लिया हुआ आतंकी किसी इमारत में घुसता नजर आ रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com